RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 155 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 26 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# नोएडा का सिपाही गाजियाबाद में शहीद

### गाजियाबाद के नाहल गांव में दबिश देने गई थी पुलिस

### हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथियों ने की फायरिंग व पथराव

### बदमाश कादिर गिरफ्तार, 16 से अधिक मामले हैं दर्ज







**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एक पुलिस कांस्टेबल की गाजियाबाद में दबिश के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस हत्या के बाद से गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में भारी तनाव है। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है। पुलिस कांस्टेबल की मौत के बाद नोएडा पुलिस में शोक की लहर है। शहीद हुए पुलिस कांस्टेबल के पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी देकर उनके पैतृक गांव शामली भेजा जाएगा। नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने सिपाही की मौत पर गहरा शोक जताया है।

नोएडा फेज-दो थाने की पुलिस रविवार को देर रात दबिश देने के लिए गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में आई थी। पुलिस को एक शातिर बदमाश की तलाश थी। दबिश के दौरान आरोपी को दबोच लेने के बाद उसके परिवार और पड़ोसियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग और पथराव कर दिया। इस घटना में नोएडा में तैनात सिपाही सौरभ कुमार की सिर में गोली लगने से मौत हो गई। सौरभ मूल रूप से शामली जिले का रहने वाला था।

गाजियाबाद के डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी के मुताबिक रविवार को नोएडा के फेस-3 थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि लूट के मामले में वांछित चल रहा बदमाश कादिर उर्फ मंटा गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में छिपा है। इस पर नोएडा पुलिस की टीम ने रविवार रात करीब साढ़े 12 बजे नाहल गांव में दबिश दी और आरोपित बदमाश को उसके घर से दबोच लिया। पुलिस की टीम बदमाश को लेकर जैसे ही गांव से बाहर निकली तो पंचायत भवन के पास पहले से छिपे कादिर के आठ-दस साथियों ने पथराव करना शुरू कर दिया। पुलिस टीम जब तक संभलती, बदमाशों ने पथराव के बीच फायरिंग भी शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसी दौरान बदमाशों की एक गोली सिपाही सौरभ कुमार के सिर में आकर लगी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें आनन फानन में गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सौरभ कुमार शामली के रहने वाले थे। उनके स्वजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस मामले में नोएडा के थाना फेस-3 में तैनात उपनिरीक्षक सचिन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

इधर लूट का आरोपित कादिर को नोएडा पुलिस ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

## गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में शोक
## एक दिन का वेतन देंगे पुलिसकर्मी



**नोएडा (चेतना मंच)।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-3 में नियुक्त स्वर्गीय आरक्षी सौरभ कुमार ने 25 मई की रात में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अभियुक्त को पकड़ कर अदम्य साहस व वीरता का परिचय दिया तथा अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के समस्त पुलिसकर्मी इस घटना से आहत है और उसे शत-शत् नमन करते हुए अपनी शोक संवेदना प्रकट करते है।

पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा अपने वेतन से 1,00,000/-(एक लाख रुपये) की धनराशि तथा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा अपने वेतन से एक दिन के वेतन की अनुग्रह धनराशि (75 लाख 16 हजार रूपयें) आरक्षी स्व0 सौरभ कुमार के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वरूप, प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है।



### कादिर का लम्बा अपराधिक इतिहास

नोएडा के डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि आरोपी कादिर पुत्र खुर्शीद काफी लंबा अपराधिक इतिहास है उसे पर 16 मुकदमे, चोरी लूट आदि और गैंगस्टर दर्ज हैं कादिर मसूरी थाने का भी हिस्ट्रीशीटर भी है। नोएडा के सेंट्रल जोन के थाना फेस 3 में दर्ज मुकदमे अपराध संख्या 211 /25 धारा 303 (2) बीएनएस में वांछित गैंगस्टर कादिर पुत्र खुर्शीद की गिरफ्तारी के लिए थाना फेज 3 की पुलिस टीम गाजियाबाद दबिश देने गई।

## पीएम का वडोरा में रोड शो, कर्नल सोफिया के परिजनों ने बरसाए फूल

### दाहोद में किया लोको निर्माण शॉप-रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का उद्घाटन





**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद आज अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। जहां उन्होंने 82 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम पांच शहरों में चार रोड शो और तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' के तहत दाहोद में 21 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से स्थापित रेलवे उत्पादन यूनिट का लोकार्पण किया। पीएम अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन पीएम वडोदरा, भुज और अहमदाबाद में रोड शो करेंगे। साथ ही पीएम ने सोमनाथ-अहमदाबाद वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई।

वडोदरा में शानदार रोड शो के बाद पीएम मोदी दाहोद रवाना हो गए हैं। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में फूल लेकर खड़े हुए थे और कई महिलाएं हाथ में सिंदूर की थाली लेकर भी खड़ी हुई थीं। वडोदरा में पीएम मोदी के रोड शो के रास्ते में बनाए गए मंच पर कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार भी नजर आया।

कर्नल सोफिया कुरैशी की जुड़वां बहन शायना सुनसारा ने कहा कि पीएम मोदी से (शेष पृष्ठ-4 पर)

## देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1000 के पार

### दिल्ली में 104 एक्टिव केस



**नई दिल्ली एजेंसी।** एक बार फिर कोरोना ने रफ्तार पकड़ ली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामलों में उछाल देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वर्तमान में कोरोना के 104 एक्टिव केस (मामले) हैं। बीते एक हफ्ते में 99 नए मामले सामने आए हैं जो स्वास्थ्य प्रशासन और नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। वहीं, अब पूरे देश में कोरोना के मरीजों की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई है। देश भर में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या 1009 है।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, बीते हफ्ते में 99 नए मामलों का दर्ज होना इस बात का संकेत है कि वायरस अभी-भी पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुआ है। 104 सक्रिय मामलों के साथ, दिल्ली सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच को और तेज करने का फैसला किया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सबसे ज्यादा मामले केरल में 430 में है, उसके बाद महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली 104 एक्टिव केसों के साथ तीसरे स्थान है. जबकि कर्नाटक में 34 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या 47 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आगे बताया कि गुजरात में 76 नए मामले सामने आए हैं, अब राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या 83 हो गई है। तो हरियाणा में 8 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव केसों की संख्या 9 हो गई है। तो राजस्थान में 11 नए केस सामने आए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केसों की संख्या 13 हो गई है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भी 11 नए केस मिले हैं, इसके साथ ही एक्टिव केसों की संख्या 12 हो गई है साथ ही यूपी में 15 नए केस मिले हैं।

## सिख व पंजाबी समाज ने भी निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद व पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाले तीनों सेनाओं के जवानों को श्रद्धांजलि देने व उनका मनोबल बढ़ाने के लिए नोएडा में जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में सिख व पंजाबी समाज ने भी तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में सिक्ख समुदाय के साथ-साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष ने भी सिक्खों की पगड़ी पहनकर प्रतिनिधित्व किया। यह तिरंगा यात्रा सेक्टर-12 स्थित गुरूद्वारे से शुरू हुई। यहां पर खुली जीप तथा स्कूटी में तिरंगा लहराकर भारत माता की जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नोएडा महानगर महेश चौहान, भाजपा महामंत्री तथा संयोजिका डिंपल आनंद, भूपेंद्र सिंह, रणधीर सिंह, मनिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, इश्मीत सिंह, उपकार सिंह, पूनम सिंह, किशन बेनीवाल, दीपक शर्मा, अमित नागपाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, विजेंद्र सिंह, कृपाल सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।





## बारिश ने रोक दी मुंबई की रफ्तार



**मुंबई एजेंसी ।** देश में 12 दिन पहले आए मानसून का असर दिखने लगा है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में लगातार बारिश ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग ने मुंबई और उसके उपनगरीय क्षेत्रों के लिए ऑरेंज से लेकर रेड अलर्ट जारी किए हैं और अगले तीन से चार घंटों में भारी बारिश और तेज़ हवाओं की चेतावनी दी है। सुबह 10 बजे के आसपास बारिश की तेजी कम हो गई, लेकिन आसमान में बादल छाए हुए हैं. सायन इलाके के गांधी मार्केट में सड़कों पर पानी भरा गया है।

मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे और रायगढ़ में आज के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को शहर में येलो अलर्ट रहेगा। मुंबई के आईएमडी ने अगले 24 घंटों के लिए मुंबई के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान लगाया है।

## 35 करोड़ की लागत से बनेगा स्काईवॉक



**नोएडा (चेतना मंच)।** नेशनल हाईवे-9 (दिल्ली-मेरठ-एक्सप्रेस-वे) से रोजाना शहर में आने जाने वाले हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए नोएडा प्राधिकरण स्काईवॉक बनवाएगा।

गोल चक्कर से आगे एनएच पर फुट ओवर ब्रिज बना है उसे भी इस गोलाकार स्काईवॉक से जोड़ा जाएगा। स्काईवॉक की डिजाइन व डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को नोएडा प्राधिकरण ने तैयार करवा लिया है। करीब 35 करोड़ रुपये निर्माण लागत वाली इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी भी मिल गई है। आगे टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।

स्काईवॉक के इस गोले की लंबाई करीब 400 मीटर होगी। ऊपर धूप और बारिश में भी राहगीर आसानी से निकल सकें इसके लिए लोहे की चद्दर भी होगी। नीचे से स्काईवॉक को पिलर पर खड़ा किया जाएगा। पहले प्राधिकरण ने यहां पर सीधे एफओबी की योजना बनाई थी। लेकिन उपयोगिता नहीं साबित हुई है। प्राधिकरण की तरफ से करवाए गए सर्वे में यह बात सामने आई है कि गोल चक्कर से प्रतिदिन 50 हजार से ज्यादा लोगों का पैदल आवागमन होता है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि गोलाकार स्काईवॉक बन जाने से चारों तरफ से आने वाले राहगीरों को सहूलियत मिलेगी।

वहीं दूसरी तरफ नेशनल हाईवे पार कर गाजियाबाद की तरफ से आने वाले पैदल राहगीरों के लिए पहले से एक एफओबी थोड़ी दूर पर बना हुआ है।

## गैंगस्टर कादिर ने लूट की कमाई से बनाया आलीशान मकान



**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद में वांटेड अपराधी कादिर को पकड़ने गई नोएडा पुलिस की टीम पर भीड़ ने पथराव और फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक गोली कॉन्स्टेबल सौरभ को लग गई। जिससे सौरभ की मौत हो गई. फिलहाल पुलिस ने कादिर को पकड़ लिया है। कादिर पर लूट, गैंगस्टर और 16 केस दर्ज हैं। पुलिस जांच में गैंगस्टर को लेकर कई खुलासे हुए हैं। कादिर ने अपनी काली कमाई से थाना मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव में आलीशान मकान बनाया हुआ है। पुलिस के अनुसार कादिर ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

## भाषाई विविधता

इसमें दो राय नहीं कि भाषाई विविधता रंग-बिरंगे फूलों की तरह भारत की खूबसूरती की वाहक है। वहीं यह विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार भी है। यह विडंबना ही है कि राजनीतिक लाभ के लिये क्षेत्रीय भाषा के गौरव के नाम पर हिंदी विरोध का मोर्चा अकसर खोला जाता है। निस्संदेह समय-समय पर उभरने वाले विवाद क्षेत्रीय गर्व और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को ही उजागर करते हैं। कुछ समय पहले ऐसे ही विवाद में मराठी को व्यवहार में न अपनाने के आरोप लगाकर एक अधिकारी को थप्पड़ मारने का विवाद सामने आया था। कालांतर भाजपा शासित राज्य में मराठी की अनिवार्यता कामकाज में लागू की गई थी। अब ताजा विवाद कर्नाटक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एक प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने पर उठा है। जिसका कहना था कि वह हिंदी भाषी है और हिंदी में वार्तालाप करेगा। इस प्रकरण में अधिकारी का तबादला व खासा विवाद हुआ। स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय भाषा की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल खासे सक्रिय हुए। इस बीच जन सेवा में भाषाई संवेदनशीलता के प्रशिक्षण की मांग भी उठी। वैसे भी केंद्रीय सेवाओं के रूप में काम करने वाले विभागों व बैंक आदि के कर्मचारियों व अधिकारियों के विभिन्न राज्यों में अकसर तबादले होते रहते हैं। यह संभव भी नहीं कि हर व्यक्ति हर राज्य की भाषा बोल सके, लेकिन सीधे तौर पर जन-सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य की स्थानीय भाषा का ही उपयोग उपभोक्ताओं से सहज संवाद के लिये करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरू में एक तकनीकी पेशेवर को हिंदी में बोलने के कारण पार्किंग की सुविधा से वंचित कर दिया गया। इस घटना ने गैर हिंदी भाषी इलाकों में भाषायी सहिष्णुता की बहस को नये सिरे से खड़ा किया। निश्चित रूप से दोनों ही घटनाएं भाषाई व सांस्कृतिक एकता के लिये चुनौती पेश करती हैं। जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि ये घटनाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के त्रि-भाषा फार्मूले की पृष्ठभूमि में हुई हैं। दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्रों को तीन भाषाएं सीखने की सलाह दी गई है। जिसमें कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। हालांकि, इस शैक्षिक नीति का मकसद बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है,लेकिन तमिलनाडु में इस नीति का प्रतिरोध सामने आया है। राजनीतिक दल इसे हिंदी थोपने और अपनी भाषाई पहचान के लिये खतरा बता रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध की राजनीति का पुराना इतिहास रहा है। खासकर तब से जब हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की कवायद शुरू हुई थी। हालांकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति लचीलेपन के साथ इस बात पर जोर देती रही है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। इसके साथ यह भी कि भाषाओं के चयन का मुद्दा राज्य, क्षेत्रों और छात्रों पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं कतिपय राजनीतिक दल आरोप लगाते रहे हैं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा का व्यावहारिक क्रियान्वयन एक विवादस्पद मुद्दा है। बहरहाल, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय भाषाओं पर इसके प्रभाव और हिंदी के कथित प्रभुत्व को लेकर बहस चल रही है। बहरहाल, इस तरह के विवादों से आगे बढ़ने के लिये आपसी सम्मान और समझ का माहौल बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सार्वजनिक संस्थानों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनकी सेवाएं स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों को सांस्कृतिक और भाषाई संवेदनशीलता में प्रशिक्षित किया जाए। निस्संदेह, शैक्षिक नीतियों को पूरे लचीलेपन के साथ लागू किया जाना चाहिए। जिसमें बहुभाषी दक्षता को बढ़ावा देते हुए क्षेत्रीय प्राथमिकताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। निस्संदेह, भारत की भाषाई बहुलता को एक विभाजनकारी कारक के बजाय एक एकीकृत शक्ति के रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। देश की विविध भाषाओं को सहानुभूति और खुलेपन के साथ अपनाकर, हम अपने राष्ट्र के ताने-बाने को मजबूत कर सकते हैं। साथ ही यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भाषा एक पुल बने, न कि एक बाधा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे राजन! मैं तुमको इसलिए मना करता हूँ कि इस प्रसंग को कहने से तुम्हारी बड़ी हानि होगी। छठे कान में यह बात पड़ते ही तुम्हारा नाश हो जाएगा, मेरा यह वचन सत्य जानना॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**यह प्रगटें अथवा द्विजश्रापा। नास तोर सुनु भानुप्रतापा॥**
**आन उपायँ निधन तव नाहीं। जौं हरि हर कोपहिं मन माहीं॥**

हे प्रतापभानु! सुनो, इस बात के प्रकट करने से अथवा ब्राह्मणों के शाप से तुम्हारा नाश होगा और किसी उपाय से, चाहे ब्रह्मा और शंकर भी मन में क्रोध करें, तुम्हारी मृत्यु नहीं होगी॥

**सत्य नाथ पद गहि नृप भाषा। द्विज गुर कोप कहहु को राखा॥**
**राखइ गुर जौं कोप बिधाता। गुर बिरोध नहिं कोउ जग त्राता॥**

राजा ने मुनि के चरण पकड़कर कहा- हे स्वामी! सत्य ही है। ब्राह्मण और गुरु के क्रोध से, कहिए, कौन रक्षा कर सकता है? यदि ब्रह्मा भी क्रोध करें, तो गुरु बचा लेते हैं, पर गुरु से विरोध करने पर जगत में कोई भी बचाने वाला नहीं है॥

**जौं न चलब हम कहे तुम्हारें। होउ नास नहिं सोच हमारें॥**
**एकहिं डर डरपत मन मोरा। प्रभु महिदेव श्राप अति घोरा॥**

यदि मैं आपके कथन के अनुसार नहीं चलूँगा, तो (भले ही) मेरा नाश हो जाए। मुझे इसकी चिन्ता नहीं है। मेरा मन तो हे प्रभो! (केवल) एक ही डर से डर रहा है कि ब्राह्मणों का शाप बड़ा भयानक होता है॥

(क्रमश:...)

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज



**जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे।**

रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

**- ललित गर्ग**

# स्वार्थसिद्धि के हिसाब से कार्रवाई करते हैं दल

राजनीतिक दल सत्ता की सुविधा के हिसाब से सारी कार्रवाई तय करते हैं। कहने को कानून की पालना और समानता की दलील देने वाले नेता मौका पड़ने पर स्पष्ट भेदभाव बरतने में कसर बाकी नहीं रखते। विपक्ष बेशक कितना ही शोर-शराबा क्यों न मचाए, सत्ताधारी दलों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बेशक फर्क बिल्कुल पानी की तरह साफ हो, पूरा देश उनकी सच्चाई को जानता हो, यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत भी कह दे, तब भी राजनीतिक दल बेशर्मी की चादर ओढ़े रहते हैं। इसे मौजूदा तीन ज्वलंत उदाहरणों से समझा जा सकता है कि राजनीतिक दल निहित स्वार्थों के चलते एक जैसे मामले में किस तरह दोहरी नीति अपनाते हैं। पहला मामला है मध्यप्रदेश के भाजपा नेता और मंत्री विजय शाह का। इंदौर जिले के महू के रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय सेना की पहली महिला इंफेंट्री अधिकारी, कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया। वीडियो के वायरल होने के बाद न सिर्फ मध्य प्रदेश, बल्कि देशभर में शाह के खिलाफ लोगों ने विरोध व्यक्त किया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ इंदौर के मानपुर थाने में केस दर्ज हुआ। सुनवाई के दौरान कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एफआईआर की कॉपी रखी गई। एफआईआर देखकर जस्टिस अतुल श्रीधरण और अनुराधा शुक्ला हैरान रह गईं। दोनों ने देखा कि एफआईआर में अपराध का जिक्र ही नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एफआईआर को कमजोर और असंतोषजनक बताया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि केस को कमजोर करने के लिए राज्य सरकार ने घोर छल किया है। एफआईआर इस तरह से लिखी गई है कि आगे चलकर खारिज हो जाए। साथ ही कोर्ट ने कहा कि छल को शुरू से ही रोकने की जरूरत है।

हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मंत्री शाह ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी शाह को खरी-खोटी सुनाने में कसर बाकी नहीं रखी। इसी मामले में मंत्री विजय शाह के माफीनामे को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। साथ ही सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें माफी की जरूरत नहीं है, यह अवमानना नहीं है। हम इसे कानून के अनुसार संभाल सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुछ लोग तो इशारों से माफी मांगते हैं। कुछ घड़ियाली आंसू बहाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मंत्री के बयान से पूरा देश शर्मसार है और मंत्री को उचित माफी मांगकर या माफी के साथ खेद व्यक्त करके खुद को सही साबित करना चाहिए था। हम एक ऐसा देश हैं जो कानून के शासन का पालन करता है और यह उच्चतम से निम्नतम स्तर तक के लिए समान है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए एसआईटी बनाने का आदेश दिया। दूसरा मामला हरियाणा का है। सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गईं। एक प्राथमिकी हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया और दूसरी सोनीपत जिले के जठेरी गांव के सरपंच योगेश जठेरी ने कराई। प्रो. महमूदाबाद ने फेसबुक पर पोस्ट की थी, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद को वहां की सरकार से अलग करके नहीं देखा जा सकता। खुद इससे पीड़ित होने का नाटक कर पाकिस्तान इन कार्रवाइयों से बच नहीं सकता। उन्होंने सैन्य कार्रवाई को आतंकी ठिकानों तक सीमित रखने और नागरिक तथा सैनिक ठिकानों को उससे अलग रखने के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। पोस्ट के दूसरे हिस्से में युद्ध का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि युद्ध सबसे ज्यादा नुकसान गरीब लोगों को पहुंचाता है। वह मानते हैं कि ऐसे हालात में युद्ध को टाला नहीं जा सकता, लेकिन यह भी कहते हैं कि सैन्य कार्रवाई से कोई राजनीतिक समस्या हल नहीं होती। उनकी फेसबुक पोस्ट का तीसरा हिस्सा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसमें लिखा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सैन्य कार्रवाई की जानकारी देने की जिम्मेदारी सौंपना देखने में महत्वपूर्ण है, लेकिन इस भाव को जमीन पर वास्तविकता में बदलना चाहिए, वरना यह एक पाखंड बनकर रह जाएगा। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ करने वाले दक्षिणपंथियों को चुनौती दी है कि उन भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए भी आगे आएं जो मॉब लिंचिंग और बुलडोजर के मनमाने उपयोग के शिकार हैं। तीसरा उदाहरण राजस्थान का है।

राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने 20 साल पुराने आपराधिक मामले में उनकी तीन साल की सजा को बरकरार रखते हुए निगरानी याचिका खारिज कर दी। वर्ष 2020 में झालावाड़ की निचली अदालत ने उन्हें सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने उन्हें तुरंत निचली अदालत में सरेंडर करने को कहा है। मीणा पर वर्ष 2005 में उपखंड अधिकारी को रिवॉल्वर दिखाकर धमकाने और पुनर्मतदान की मांग करने का आरोप लगा था। विधायक को हाईकोर्ट से किसी भी प्रकार की राहत न मिलते देख, उन्होंने देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में लोवर कोर्ट के फैसले को चुनौती दी। कोर्ट की ओर से सुनाई गई 3 साल की सजा पर पुनर्विचार करने की अपील की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एकल बेंच ने उन्हें राहत प्रदान करते हुए सुनवाई के दौरान कोर्ट में उनके सरेंडर करने पर रोक लगा दी थी, लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने एकल बेंच के फैसले को पलटते हुए विधायक को मनोहर थाना कोर्ट में दो सप्ताह के भीतर सरेंडर करने को कहा था। इसके बाद आखिरकार भाजपा विधायक कंवर लाल मीणा को मनोहर थाना कोर्ट में सरेंडर करना पड़ा। जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत दो साल से अधिक सजा होने पर जनप्रतिनिधि की सदस्यता समाप्त हो जाती है। इस मामले में मीणा की सदस्यता पर विधानसभा अध्यक्ष ने फैसला नहीं लिया। ये तीनों उदाहरण यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि राजनीतिक दल तमाम फैसले वोट बैंक के मद्देनजर रखकर लेते हैं, भले ही इससे कानून की धज्जियां क्यों न उड़ती रहें। इन उदाहरणों में महत्वपूर्ण यह भी है कि जिन तीनों राज्यों के ये मामले हैं, उनमें भाजपा की सरकार है।

एक तरफ मध्यप्रदेश में मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने और शीर्ष अदालत की कड़ी फटकार खाने के बाद भी राज्य की भाजपा सरकार ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की। यही वजह है कि आरोपी मंत्री से इस्तीफा लेने तक की जेहमत नहीं उठाई गई। दूसरी तरफ हरियाणा का मामला है, जहां प्रोफेसर को टिप्पणी करने पर गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा। आश्चर्य की बात यह है कि हरियाणा महिला आयोग ने प्रोफेसर महमूदाबाद पर महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया और एफआईआर दर्ज कराई, जबकि मध्यप्रदेश का महिला आयोग आरोपी मंत्री शाह के मामले में चुप्पी साधे हुए है।

**-योगेंद्र योगी**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अलग सा रौब और रुआब आपमें आ चुका है। प्रेम, संतान का साथ है। व्यापार अच्छा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन जीत आपकी होगी। सरकारी तंत्र से पंगेबाजी न करें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। स्वास्थ्य भी प्रभावित दिख रहा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा। कलह से बचें। घरेलू सुख बाधित रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम अभी भी है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। उच्चाधिकारियों का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**कुम्भ- (गु, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्यवश काम बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

# रबूपुरा में निकली तिरंगा यात्रा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रबूपुरा नगर पंचायत द्वारा आयोजित विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय के नारों के साथ पूरे उत्साह और गौरव के वातावरण में निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।

अमित चौधरी ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण किया गया। पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम, एकता और जनजागरूकता के संदेश से ओत-प्रोत रहा।

इस अवसर पर जिला संयोजक राज नागर, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, विमल पुंडीर, जिला मंत्री विकास चौधरी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मोनू गर्ग, संजय रावत, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को भाजपा गौतमबुद्धनगर ज़िला इकाई, मंडल इकाइयों, मोर्चों, प्रकोष्ठों, प्रकल्पों तथा बूथ कार्यकर्ताओं ने बूथ समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से सुना।

भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने जेवर विधानसभा के रबूपुरा मंडल के गाँव दयानतपुर स्थित बूथ संख्या 284 पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर माननीय प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मन की बात सामूहिक रूप से सुना।



जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे भारत सरकार ने आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करने का कार्य किया। यह भारत की सेना की वीरता और सरकार की आतंकवाद को समाप्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री ने स्वदेशी को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग पर बल दिया।

अभिषेक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार हम सभी को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के संकल्प को और अधिक मज़बूती से निभाने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज गर्ग, दीपक भारद्वाज, धर्मेन्द्र कोरी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी, सतेन्द्र नागर, राहुल पंडित, पवन रावल, विमल पुंडीर, वीरेन्द्र भाटी, मुकेश चौहान, अर्पित तिवारी, राजीव सिंघल, पवन नागर, देवेन्द्र त्यागी, चन्द्रमणि भारद्वाज, विजय रावल, पंकज रावल, सत्यपाल शर्मा, रवि जिन्दल, मनोज भाटी, महेश शर्मा, विकास चौधरी, गुरुदेव भाटी, अमित पंडित, अशोक रावल, अमन कौशिक, नीतीश भाटी, सुनील रावत, हरिदत्त शर्मा, दिनेश भाटी, धीर राणा, संजय भाटी, राज नागर, जीतेन्द्र भाटी, रजनी तोमर, संजय भाटी, सुनील सोनक, राजेश ठेकेदार, मनोज प्रधान, श्यामवीर भाटी आदि मौजूद रहे।

# जेपी अमन सोसाइटी में 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**नोएडा( चेतना मंच )।** जेपी अमन सोसाइटी, सेक्टर 151 में कल एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक तेजपाल नागर के दीपक नागर उपस्थित रहे। उनके साथ सोसाइटी के सक्रिय सदस्य और आयोजक ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर एओ के अध्यक्ष योगेश सिंह भी मौजूद रहे।

# आप्रेशन सिंदूर को लेकर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** बिलासपुर कस्बे में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में देशभक्ति संगीत के साथ एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा राजेन्द्र इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क तक निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य नरेन्द्र भाटी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।

विधान परिषद सदस्य नरेन्द्र भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि, देश के वीर जवानों ने अपने पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खात्मे का प्रतीक बना दिया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है।



भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि, पहलगाम की आतंकी घटना का बदला लेने के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को पूरी छूट दी थी। भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से आतंकियों के 9 ठिकानों और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को तबाह कर बदला लिया।

बिलासपुर नगर पंचायत के लोकप्रिय नेता संजय चेची ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित यह तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक है। हजारों की संख्या में देशभक्त नागरिकों ने भाग लेकर यह साबित किया कि देश का हर नागरिक सेना के साथ खड़ा है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लता चेची, संजय सिंह चेची, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल पंडित, सतेन्द्र अवाना, वीरेन्द्र भाटी, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक राज नागर, विमल पुंडीर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, दिनेश भाटी, अर्पित तिवारी, अमित शर्मा, ओमकार भाटी, अजीत मुखिया, अंश नागर, राकेश शर्मा, रजनी तोमर, ममता शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा, बिन्नी शर्मा, बबलू भाटी, अमित भाटी, अनिल तायल, नीरज शर्मा, दीपक चेयरमैन दनकौर, विजय सिंह, राजू भाटी आदि उपस्थित रहे।

# रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी पर प्रदर्शनी का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रानी अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर कार्यालय पर उनके जीवन पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में रानी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़े विभिन्न चित्रों एवं प्रसंगों को प्रदर्शित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा द्वारा किया गया। अपने संबोधन में श्रीचंद शर्मा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत भाजपा द्वारा 31 मई (उनके जन्मदिवस) तक पूरे देश और प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें स्कूल, कॉलेज, सरकारी व सामाजिक संस्थानों तथा प्रबुद्ध जनों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

इस अवसर पर धर्मेन्द्र कोरी (जिला संयोजक), वीरेन्द्र भाटी (पूर्व जिला मंत्री), कर्मवीर आर्य (मीडिया प्रभारी), चन्द्र मणि भारद्वाज (कार्यक्रम संयोजक), राज नागर, देवेंद्र त्यागी, रजनी तोमर, अर्पित तिवारी, ओमकार भाटी, अजय निगम, अश्विनी गोयल, धीर राणा, मनवीर नागर, अरुण प्रधान, सत्यपाल शर्मा, मनोज भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू (बलराज) की मासिक बैठक

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) की मासिक बैठक कैमराला चक्रसैनपुर स्थित राष्ट्रीय कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने की।

बैठक में बोलते हुए बलराज भाटी ने कहा कि आज भी किसान अपने हक और अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्धनगर जिले में जिला एवं ग्राम पंचायतों को समाप्त कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण विकास बाधित हुआ है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण पर गांवों के विकास की जिम्मेदारी होने के बावजूद जमीनी हालात बदतर बने हुए हैं।

श्री भाटी ने विशेष रूप से तिलपता गांव की जर्जर सड़क की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यह मार्ग दादरी और नोएडा-दिल्ली को जोड़ता है, लेकिन सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण रोज़ दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीण लगातार प्राधिकरणों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन समाधान नहीं हो रहा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट ठाकुर विजय प्रताप सिंह ने बताया कि 14 मई को तिलपता में प्रस्तावित महापंचायत सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दी गई थी, लेकिन अब 2 जून को तिलपता गांव के शिव मंदिर प्रांगण में महापंचायत आयोजित की जाएगी। यदि प्रशासन और प्राधिकरण किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करते, तो यह महापंचायत अनिश्चितकालीन धरने में बदल दी जाएगी।

महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल ने चेतावनी दी कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का शोषण और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यूथ प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी ने पंचायतों की बहाली की मांग करते हुए कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो जनपद में बड़ा आंदोलन होगा।

अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने संगठन की एकजुटता और ईमानदारी पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं से अनुशासन में रहकर संगठन का विस्तार करने की अपील की। बैठक में संगठन विस्तार के तहत आकिब को जिलाध्यक्ष बागपत, सुनील कुमार को जिला संगठन मंत्री गौतमबुद्धनगर, और राहुल नागर को जिला महासचिव गौतमबुद्धनगर नियुक्त किया गया।



इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, आशीष नागर, फरमान, रोहित भाटी, सचिन शर्मा, हेमन्त पंडित, महेश शिशौदिया, संदीप राणा, दिलदार अंसारी, भोलू पंडित, प्रशांत शर्मा, कपिल नागर, प्रवीण कौशिक, ब्रह्मचंद बैरागी, लोकेश अल्हड़, मनवर अली, हरिश्चंद्र चौहान, डॉ. खालिद, विनीत शर्मा, मुकेश शिशौदिया, बादल, सोविंदर भाटी आदि शामिल रहे।

# व्यापारियों का सम्मान सर्वोपरि : पंकज शर्मा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यापारियों का सम्मान सर्वोपरि व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता के आधार पर उसका समाधान किया जाता है यह बात फल एवं सब्जी मंडी समिति फेस-2 के सचिव पंकज शर्मा ने एक बातचीत के दौरान कही है। उन्होंने कहा कि फेस-2 स्थित फल मंडी दनकौर जेवर दादरी मंडी के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हम हमेशा गम्भीर रहते हैं उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ नाइंसाफी किसी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। मंडी सचिव पंकज शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देश पर व्यापारियों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मंडी में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त रहे इसको भी लेकर समय-समय पर कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए जाते रहते हैं।

# 10 मिनट तक फ्यूजन होम्स सोसाइटी की लिफ्ट में फंसी रही बच्ची

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट खराबी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी का है, जहां एक लिफ्ट अचानक चौथी मंजिल पर अटक गई, और उसमें एक छोटी बच्ची फंस गई। बच्ची करीब 10 मिनट तक लिफ्ट में बंद रही। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

यह मामला फ्यूजन होम्स सोसाइटी का है सोसाइटी के डी टावर की 12वीं मंजिल पर रहने वाले संजू कुमार ने कहा कि वह अपने फ्लैट से बाहर निकलकर लिफ्ट की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि लिफ्ट चौथी मंजिल पर रुकी हुई थी और नीचे से चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। अपनी पत्नी के साथ चौथी मंजिल पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि एक छोटी बच्ची लिफ्ट में फंसी हुई थी और डर से घबराई हुई थी। संजू ने इस घटना का वीडियो रिकॉर्ड किया और तुरंत मेंटेनेंस टीम को सूचित किया।

संजू कुमार ने तुरंत मेंटेनेंस ऑफिस को कॉल कर इस स्थिति की सूचना दी। मेंटेनेंस टीम ने करीब 10 मिनट की मेहनत के बाद बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान बच्ची लगातार रो रही थी और डर से कांप रही थी। लिफ्ट खुलते ही वह संजू कुमार की पत्नी से लिपट गई। बाद में उसे शांत कराया गया।

बता दें कि लिफ्ट के अचानक रुकने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। यह घटना सोसाइटी में लिफ्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाती है। सोसाइटी के निवासी अब लिफ्ट की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और इस समस्या के जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।



# ऑपरेशन सिंदूर से देश के लोग गदगद : पंडित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे मनोज पंडित ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की जितनी प्रशंसा की जाए वह काम है उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक डॉक्टर मरीज के शरीर की सर्जरी करता है इस तरह ऑपरेशन सिंदूर द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों के कैंप की सर्जरी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया है वह स्वागत है उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अभी भी समय है कि वह आतंकवाद से अपने आप को अलग कर ले।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## भाजपा नेता ने की पूर्व गृह राज्यमंत्री से मुलाकात

**नोएडा( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के नेता नवीन भाटी ने कल पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की इस अवसर पर नवीन भाटी ने अपने दोनों बेटे धनराज गुर्जर एवं अंशुमन भाटी को पूर्वगृह राज्य मंत्री से आशीर्वाद दिलवा। इस अवसर पर प्रवीण सिंह जसवंत पंडित धर्मवीर नेताजी आदि लोग मौजूद रहे।





**खास खबर**

### एयरटेल की बढ़ती दूरसंचार धोखाधड़ी के खिलाफ संयुक्त पहल

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने सरकार और ट्राई को सूचित किया है कि वह दूरसंचार धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ एक संयुक्त पहल के लिए रिलायंस जियो और वीआईएल से संपर्क किया है। एयरटेल ने सभी दूरसंचार कंपनियों से सहयोग करने की अपील की है और 2024 के पहले नौ माह में भारत में 17 लाख से अधिक साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज होने का बताया है। एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी और घोटालों के खिलाफ लड़ाई में अपनी स्थिति मजबूत की है और 14 मई, 2025 को एक संयुक्त दूरसंचार धोखाधड़ी पहल शुरू करने की घोषणा की है। एयरटेल ने उद्योग को एकजुट करने की जरूरत को दशार्ते हुए सार्वजनिक यूजर्स को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

### एनटीपीसी को 7897 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली।** नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) ने अपने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं, जिसमें कंपनी ने उम्दा प्रदर्शन दिखाया है। इस तिमाही में एनटीपीसी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 22 फीसदी बढ़ गया है और कमाई भी 3.2 फीसदी बढ़कर 49,834 करोड़ रुपये हो गई है। एनटीपीसी ने प्रति शेयर 3.35 रुपये का डिविडेंड घोषित किया है। पिछले तिमाही से तुलना करें, इस बार मुनाफा में 53 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है और कमाई में भी 11 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बिजली उत्पादन से कंपनी ने कमाई में तेजी दिखाई है, जिससे एनटीपीसी ने 49,353 करोड़ रुपये की कमाई की है। पूरे साल में भी कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वित्त वर्ष 25 में एनटीपीसी की कमाई में 5 फीसदी की वृद्धि हो गई है। इसके साथ ही एनटीपीस के खर्च में भी वृद्धि हुई है, खर्चा ईधन, बिजली खरीदने, कर्मचारियों के वेतन और ब्याज जैसे मदों में भी इजाफा हुआ है।

### केंद्र सरकार ने पेंशन योजना में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2025 कोअपने कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) नाम से एक नई पेंशन योजना शुरू की थी। इस योजना में कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन का वादा किया गया है। यूपीएस ने एनपीएस से अलग होने का विकल्प दिया है। एनपीएस में पेंशन की राशि निश्चित नहीं होती थी, जबकि यूपीएस ने कर्मचारियों को ज्यादा निश्चितता प्रदान की है। यूपीएस में सरकारी कर्मचारियों को उनकी अंतिम 12 महीनों की औसत बेसिक सैलरी का 50 फीसदी मासिक पेंशन के रूप में मिलेगा। इसके लिए कर्मचारियों को कम से कम 25 साल की नौकरी पूरी करनी होगी। यूपीएस योजना में शामिल होने के लिए कर्मचारियों को 30 जून तक अप्लाई करना होगा।

### भारतीय फार्मा इंडस्ट्री की पहुंच अमेरिका और यूरोप में

**नई दिल्ली।** भारतीय फार्मा इंडस्ट्री ने विश्वास जताया है, जब तकनीकी उन्नति और डीलों में जागरूकता के साथ वह अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के माहौल में भी दिखाई दे रही है। भारतीय दवा कंपनियां दिखा रही हैं तेजी से विकास की राह पर हैं। निवेशकों के संकेतों के अनुसार सुवेन फार्मास्युटिकल्स के एग्जीक्यूटिव ने अप्रैल माह में एक बड़ी डील के लिए विदेशी कंपनी के अधिकारियों से संचार किया था। इसके साथ ही अनेक भारतीय कंपनियां नई तकनीकों को अपना रही हैं, जिससे उन्हें अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में मजबूती मिल सके। इसी बीच अमेरिकी कंपनीयां भारत के सीडीएमओ के प्रति रुचि जता रही हैं जिसका संकेत है विदेशी निवेशकों का भारत की फार्मा इंडस्ट्री में विश्वास। यह कदम भारत को अपनी निर्भरता को घटाने और वैश्विक स्तर पर पहुंचने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। अमेरिका में दवाओं की कीमतों में कमी के संकेत के बाद एक्सपर्ट्स अमेरिकी दवा कंपनियों के लिए भारत में भी नए हिस्सेदार खोजने का सुझाव दे रहे हैं। यह स्थिति भारतीय सीडीएमओ के लिए नए अवसरों और उन्नति की संकेत भी हो सकती है।

## सेंसेक्स की छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 78,166 करोड़ घटा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख की वजह से सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 40,800.4 करोड़ रुपये घटकर 19,30,339.56 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 17,710.54 करोड़ रुपये घटकर 12,71,395.95 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,488.58 करोड़ रुपये घटकर 6,49,876.91 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,462.8 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,53,974.88 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,454.31 करोड़ रुपये घटकर 10,33,868.01 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 1,249.45 करोड़ रुपये घटकर 7,05,446.59 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के विपरीत भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 10,121.24 करोड़ रुपये बढ़कर 10,44,682.72 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 4,548.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,74,207.54 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 875.99 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,991.05 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 399.93 करोड़ रुपये बढ़कर 14,80,723.47 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।



### वृहद आर्थिक आंकड़े व वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों का यह कहना है। वैश्विक अनिश्चितताओ के बीच बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार गिरावट में रहे थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा है। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर चिंताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी बढ़ी। इससे भारत सहित अन्य उभरते बाजारों पर दबाव पड़ा। इस सप्ताह 28 मई को भारत के अप्रैल के औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण उत्पादन के आंकड़े और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े आने हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की सुधार की स्थिति के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून की प्रगति पर जानकारी भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड बाजार के घटनाक्रम, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। मई के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों के अंतिम दौर का भी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा। सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो, अरविंदो फार्मा और आईआरसीटीसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे। बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि आगे बाजार का रुख मजबूत रहने की उम्मीद है।

## टाटा मोटर्स का ईवी बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य

▸ बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल

एजेंसी

**मुंबई।** टाटा मोटर्स के पैसेंजर व्हीकल और पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक ने दावा किया कि वे उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार और नवीनीकरण के माध्यम से बाजार में एक प्रमुख भूमिका खेलने की कोशिश कर रहे हैं। कंपनी ने उच्च मानकों का पालन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आकर्षक ऑप्शन पेश किए हैं और अपने उत्पादों को 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतारने का लक्ष्य रखा है। कंपनी अपनी आगामी हैरियर.ईवी और सिएरा.ईवी के साथ 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने बेड़े में ईवी के स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) को सीएनजी वाहन के बराबर करने के लिए काम कर रही है ताकि मात्रा हासिल की जा सके। हमारी आकांक्षा मध्यम से दीर्घावधि अवधि में 50 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने की है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि लघु अवधि में कंपनी को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आना काफी हद तक तय है, क्योंकि कई कंपनियां कई उत्पाद लेकर आ चुकी हैं। बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल हैं। यात्री इलेक्ट्रिक वाहन बाजार अब चार खंड में बंटा हुआ है। यह है-8-12 लाख रुपये; 12 से 20 लाख रुपये; 20 लाख रुपये से अधिक और फ्लीट खंड। उन्होंने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 40-41 प्रतिशत है, जो पिछले वित्त वर्ष में लगभग 55 प्रतिशत थी, जिसका मुख्य कारण फ्लीट खंड में बिक्री में गिरावट और 12 से 20 लाख रुपये के खंड में तेज प्रतिस्पर्धा है।




## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते में शुल्क रियायत की पेशकश बहुत छोटी : अधिकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत भारत ने वाहन क्षेत्र के लिए शुल्क रियायत की पेशकश की है, जिसे अधिकारियों ने बहुत छोटी बताया है। इस पेशकश में वाहन क्षेत्र के लिए आयात शुल्क में 10 से 15 साल की अवधि में कमी और कोटा इंजन की क्षमता और वाहन की कीमत पर निर्भरता है। भारत और ब्रिटेन ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत के समापन की घोषणा की है। यह व्यापार करार 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा और ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत को व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात सुगम बनाएगा। इससे कुल व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को मौजूदा के 60 अरब डॉलर से दोगुना करने का है। दोनों पक्षों के कोटा के तहत वाहन आयात पर शुल्क की दर 100 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगी। इससे टाटा-जेएलआर जैसी कंपनियों को लाभ होगा। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) ने पहले कहा था कि यह समझौता भारत में जेएलआर के प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि इससे भविष्य की कारों को लाभ होगा और ग्राहकों को वैश्विक कारों और वैश्विक कीमतों तक बहुत तेजी से पहुंचने में मदद मिलेगी। दूसरी ओर, मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू ने एफटीए को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताया है।



## भारत का बहुप्रतीक्षित डांस महोत्सव - सुपर डांसर चैप्टर 5 लौट रहा है



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी टीवी का प्रतिष्ठित डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर' अब अपने पाँचवें सीजन के साथ धमाकेदार वापसी करने जा रहा है। इस बार मंच पर उतरेंगे असाधारण प्रतिभा से भरपूर 12 नन्हे प्रतिभागी, जिन्हें देशभर से 12 प्रसिद्ध कोरियोग्राफर्स ने स्वयं उनके टैलेंट और लोकप्रियता के आधार पर चुना है। 'सुपर डांसर -चैप्टर 5' केवल डांस नहीं, यह इमोशन भी है। शो के चहेते जजः शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, गीता कपूर, और मजी पेस्टोंजी, जो शो में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। अपनी मजेदार और अनोखी होस्टिंग के लिए परीतोष त्रिपाठी इस सीजन को एक बार फिर होस्ट करते नजर आएंगे। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा, हर माँ का सपना होता है कि उसका बच्चा चमके। एक माँ होने के नाते मैं जानती हूँ उस प्यार और त्याग को जो हर माँ अपने बच्चे के लिए करती है। एक जज के रूप में मैं हमेशा ऐसी परफॉर्मेंस देखना चाहती हूँ जो तकनीक के साथ-साथ मेरी आत्मा को भी छू जाए। मुझे इस नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है। मुझे नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

## होंडा सीबी350 छूट के साथ नए फीचर्स व कलर्स में लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी हाल ही में लॉन्च की गई 2025 हॉंडा सीबी350 पर शानदार ऑफर की घोषणा की है। कंपनी इस मोटरसाइकिल पर इस महीने के अंत तक यानी 31 मई 2025 तक 15,000 रुपये तक की छूट दे रही है। हालांकि यह ऑफर कुछ शर्तों के साथ लागू होगा। होंडा सीबी350 एक मॉडर्न-क्लासिक डिजाइन वाली मोटरसाइकिल है जिसे कंपनी ने कुछ ही हफ्ते पहले नए अपडेट्स और कलर ऑप्शंस के साथ बाजार में पेश किया है। इस मोटरसाइकिल को ओबीडी-2बी उत्सर्जन मानकों के अनुसार अपग्रेड किया गया है। होंडा सीबी350 दो वैरिएंट्स में आती है डीएलएक्स और डीएलएक्स प्रो। डीएलएक्स वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 1.99 लाख रुपये से शुरू होती है, वहीं डीएलएक्स प्रो की कीमत 2.17 लाख रुपये है और इसे केवल होंडा की प्रीमियम बिग विंग डीलरशिप से ही खरीदा जा सकता है। बाइक में 348सीसी का एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 5,500 आरपीएम पर 20.7 बीएचपी की पावर और 3,000 आरपीएम पर 29.4 एनएम का टॉर्क देता है। इसे 5-स्पीड गियरबॉक्स और स्लिप-एंड-असिस्ट क्लच से जोड़ा गया है। मोटरसाइकिल में कई आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं जैसे फुल एलईडी हेडलैंप, टेल लैंप, डिजिटल मल्टी-इंफॉर्मेशन डिस्प्ले, होंडा स्लेक्टिबल टॉर्क कंट्रोल (एचएसटीसी), इमरजेंसी स्टॉप सिग्नल (ईएसएस) और साइड स्टैंड इंजन इनहिबिटर। बाइक में 310एमएम फ्रंट और 240एमएम रियर डिस्क ब्रेक के साथ डुअल चैनल एबीएस मिलता है। इसके अलावा, इसमें टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स और रियर में ट्विन हाइड्रोलिक शॉक्स दिए गए हैं। नई सीबी350 को पांच नए कलर ऑप्शंस में पेश किया गया है, जिससे इसका लुक पहले से ज्यादा आकर्षक बन गया है।



### अब ड्रोन से घर पहुंचेगा आपका सामान, अमेजन ने बढ़ाया दायरा

**नई दिल्ली।** कभी साइंस फिक्शन का हिस्सा मानी जाने वाली ड्रोन डिलीवरी अब हकीकत बन चुकी है। अमेजन ने 2022 में अमेरिका में ड्रोन के जरिए सामान डिलीवर करना शुरू किया था और अब यह सेवा तेजी से विस्तार कर रही है। अमेजन का दावा है कि ग्राहक ऑर्डर बटन पर टैप करने के बाद लगभग 60 मिनट या उससे भी कम समय में अपना पैकेज पा सकते हैं। फिलहाल यह सुविधा अमेरिका के चुनिंदा शहरों फीनिक्स (एरिजोना) और कॉलेज स्टेशन (टेक्सास) में उपलब्ध है। ड्रोन डिलीवरी के लिए ऑर्डर का वजन अधिकतम पांच पाउंड यानी करीब 2.2 किलोग्राम होना चाहिए।

## यूपी पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान

**दादरी।** आदर्श युवा समिति-बादलपुर द्वारा गांव से उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित कुल 09 अभ्यर्थियों एवम कक्षा 10वीं, 12वीं में अच्छे नंबर से उत्तीर्ण छात्रों-छात्राओ का सम्मान फूल माला पहना कर और शील्ड-सर्टिफिकेट देकर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा जगदीश नम्बरदार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती जयवती नागर, ग्राम-प्रधान ज्ञान नागर, करप्सन फ्री इंडिया संगठन से परवीन भारतीय, भाई आलोक नागर (समाज सेवी) आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता मुहिम को आगे बढ़ते हुए सेक्टर-36 में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सूरज नद्यगर सुनील, प्रधान और फीडबैक फाउंडेशन से संजय शुक्ला, नीरज कुमार उपस्थित रहे।

आदर्श युवा समिति के हमारे साथी भाई जित्ते फौजी, मनोज नागर, जितेन्द्र नागर, डॉ विक्रम, डॉ मुस्ताक, भाई आनंद भगत, मोहित नागर, आदि लोग उपस्थित रहे।



### भारत की डिफेंस कंपनी को इजराइल से मिला 17.52 मिलियन डॉलर का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** भारत की देशी कंपनियों ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को धूल चटाई है। इस ऑपरेशन के बाद भारतीय हथियारों की मान्यता ने दुनिया में चर्चे बना दिए हैं। इस उत्कृष्ट अदम्य तकनीक का उद्यम एक और उच्चाधिकारी के साथ साबित हुआ है, जब इजराइल की एक कंपनी ने भारतीय कंपनी नाइब लिमिटेड के साथ एक 17.52 मिलियन डॉलर (करीब 150 करोड़ रुपये) का ऑर्डर किया है। यहां इस ऑर्डर के माध्यम से भारत की तकनीकी क्षमता और बढ़ेगी और देश को विश्वभर में आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। इजराइल की यह कंपनी टेक्नोलॉजी के मामले में बहुत आगे है। इस ऑर्डर में यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर बनाने और सप्लाई करने हैं। ये लॉन्चर 300 किलोमीटर तक मार कर सकते हैं। यह बहुत ही आधुनिक तकनीक है। भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है कि यह तकनीक विदेश के लिए बनाई जा रही है। कंपनी का कहना है कि इस कॉन्ट्रैक्ट से आत्मनिर्भर भारत के सपने को और मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा।

## राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन में 4.30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए : सिंधिया




एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत भी अब आर्थिक मजबूती की दिशा में देश के साथ मिलकर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन में 4.30 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। दिल्ली में दो दिन तक चले राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा की उत्तर पूर्व वैश्विक साझेदारी और आपसी हित के केंद्र के रूप में उभर कर सामने आया है। उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय में मुख्य रूप से कृषि खेल निवेश प्रोत्साहन पर्यटन बुनियादी ढांचा वस्त्र और हस्तशिल्प आर्थिक गलियारा इकोनामिक कॉरिडोर और पशुपालन के क्षेत्र में आठ उच्च स्तरीय कार्य बल का गठन किया है जिससे उत्तर पूर्व के प्रत्येक राज्य को अपने विकास का रोड मैप तैयार करने में सहायता मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय निवेशकों, विदेशी राजनयिकों, राजदूतों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा कर रहा है और उन्हें उत्तर पूर्व के राज्यों में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। पिछले एक साल में मंत्रालय ने इस दिशा में व्यापक राष्ट्रव्यापी और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के प्रयास का नेतृत्व किया है। इन प्रमुख पहलों में भारत के मुख्य शहरों में नौ घरेलू रोड शो, 95 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ राजदूतों की बैठकें, छह राज्य स्तरीय गोलमेज सम्मेलन और सार्वजनिक उपक्रमों, उद्योग मंडलों और कॉर्पोरेट्स के साथ कई परामर्श बैठकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन चर्चाओं से वास्तविक परिणाम सामने आए हैं और 4.30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राइजिंग नॉर्थ ईस्ट शिखर सम्मेलन 2025 पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि इस पैमाने पर निवेश शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी और वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत उद्योग जगत के प्रमुखों ने उत्तर पूर्व क्षेत्र में अवसरों का पता लगाने के लिए सामूहिक रूप से 1,55,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की थी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**नोएडा का सिपाही...**

गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है। सूचना पर गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव नरायण मिश्र ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली है।

**पीएम का वडोरा में रोड...**

मिलकर हमें अच्छा लगा। पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत कुछ किया है। सोफिया मेरी जुड़वां बहन है. जब आपकी बहन देश के लिए कुछ करती है तो यह न केवल मुझे बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करती है। वह अब सिर्फ मेरी बहन नहीं, बल्कि देश की बहन भी है।

वड़ोदरा में रोड शो के बाद प्रधानमंत्री दाहोद पहुंचे जहां पीएम मोदी ने लोको निर्माण शॉप-रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का उद्घाटन किया और कर्मचारियों से मुलाकात की। पीएम ने संयंत्र से निर्मित पहले इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई। संयंत्र घरेलू उद्देश्यों और निर्यात के लिए 9000 एचपी के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का उत्पादन करेगा। ये लोकोमोटिव भारतीय रेलवे की माल ढुलाई क्षमता को बढ़ाने में मदद करेंगे। इस दौरान उनके साथ रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव भी मौजूद रहे। दाहोद में प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। दाहोद के बाद पीएम भुज पहुंचेंगे, जहां रोड शो करेंगे और कई परियोजनाओं उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद पीएम शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे, जहां अहमदाबाद एयरपोर्ट से इंदिरा ब्रिज तक 3 किमी लंबा रोड शो करेंगे। पीएम गांधीनगर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

**गैंगस्टर कादिर ने लूट....**

लूट की कमाई से आलीशान घर बनवाया है। इस घर में सीसीटीवी लगे हैं, इन सीसीटीवी के जरिए कादिर पुलिस और दुश्मनों पर नजर रखा रहा था। हालांकि, सुरक्षा को देखते हुए कादिर के घर के बाहर पीएसी की तैनाती की गई है. फिलहाल पुलिस कादिर को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है।

## पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए वाल्मीकि वीर सेना ने लगाए पौधे

**गाजियाबाद ।** पप्पू कॉलोनी कंपोजिट विद्यालय वार्ड 10 से वाल्मीकि वीर सेवा के तत्वाधान में 31 000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है वाल्मीकि वीर सेवा के राष्ट्रीय महासचिव लीलू प्रधान ने बताया कि पर्यावरण और बढ़ते कोरोना के प्रकोप को देखते हुए हर व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए जिससे लोगों को ऑक्सीजन मिल सके इसी क्रम में सोमवार को कंपोजिट विद्यालय पप्पू कॉलोनी के ग्राउंड में जामुन पीपल पिलखन और नीम के पौधे लगाए गए इन्होंने बताया की दिल्ली वजीराबाद रोड पर सिकंदरपुर सिविल टर्मिनल एयरपोर्ट के रास्ते श्मशान घाट पर जहां भी खाली जगह मिलेगी वहां पर वाल्मीकि वीर सेवा पौधे लगाने का कार्य करेंगे और यह कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाया जा सके। इस मौके पर वाल्मीकि वीर सेवा के राष्ट्र महासचिव लीलू प्रधान सतपाल मास्टर प्रदीप कुमार अशोक कुमार राम लक्की मौजूद रहे।



खास खबर

## विराट और अनुष्का ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली संन्यास के बाद से ही धर्म कर्म में लगे हुए हैं। विराट ने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ ही अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किये हैं। विराट और अनुष्का ने हनुमान गढ़ी मंदिर में भी पूजा अर्चन की। इसके बाद दोनो ही बेहद खुश दिखे। पुजारी ने उन्हें फूल माला पहनाकर टीका लगाया। दोनों ने मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना की। हनुमान गढ़ी मंदिर के दर्शन के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें अनुष्का और विराट मंदिर में प्रार्थना करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके पहले ये दोनो वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रयम भी पहुंचे थे। विराट ने कुछ समय पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद दोनों वृंदावन पहुंचे थे। इस दौरान दोनो को भगवान के नाम जप करते हुए देखा गया था। इस जोड़े ने प्रेमानंद महाराज से कई सवाल भी किये थे जिसके जवाब भी इन्हें मिले थे। विराट और अनुष्का की शादी साल 2017 में हुई थी और इनके दो बच्चे हैं।

## प्रीति जिंटा ने अंपायर के फैसले को गलत बताया

**मुम्बई।** पंजाब किंग्स की सहमालिक प्रीति जिंटा ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ हुए मैच में अपनी टीम की हार के बाद अंपायर के एक फैसले की कड़ी आलोचना की है। प्रीति ने सोशल मीडिया पर तीसरे अम्पायर की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उसने गलत फैसला दिया। इस मैच के 15वें ओवर की अंतिम गेंद पंजाब के शशांक सिंह ने हवा में उछाल दी तो लगा कि छक्का हो गया पर पर तीसरे अम्पायर ने नहीं दिया। तीसरे अंपायर ने इस मामले की जांच के बाद कि गेंद रोकते समय फील्डर करुण नायर का पैर बॉउन्ड्री पर नहीं था। इसलिए एक रन ही मिलेगा। प्रीति ने कहा कि करुण के अनुसार भी वह छक्का ही था। इसके बाद प्रीति ने सोशल मीडिया में कहा, ह्लइतने हाई प्रोफाइल टूर्नामेंट में, जब तीसरे अम्पायर के पास कई तरह की तकनीकें मौजूद है तो ऐसी स्थिति में गलतियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

## बांग्लादेश-पाक सीरीज में सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी सेना

**ढ़ाका।** बांग्लादेश की टीम क्रिकेट सीरीज पहुंचने पाकिस्तान तो पहुंच गयी है पर उसे वहां आतंकवाद का खतरा सता रहा है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी टीम की सुरक्षा को लेकर परेशान है। जिसके बाद से ही उसने क्रिकेट सीरीज के दौरान सेना की सुरक्षा मांगी है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब पाक और बांग्लादेश के बीच सीरीज के दौरान सेना तैनात रहेगी। शुरूआत में, बांग्लादेश को पाकिस्तान में पांच टी20 मैच खेलने थे पर सुरक्षा कारणों से अब को देखते हुए अब तीन टी20 मैच ही होंगे। पीसीबी के अनुसार सभी मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रखे गये हैं। पीसीबी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ सलाह के बाद ही कार्यक्रम में बदलाव किया है। बांग्लादेश की टीम को 28, 30 मई और 1 जून को तीन टी20 मैच खेलने हैं। ये मैच रात 8:00 बजे से खेले जाएंगे। इस दौरान सिविल फोर्स के साथ साथ सेना भी तैनात रहेगी। सेना की जिम्मेदारी पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ ही भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ खेल स्थल सुरक्षा करना रहेगा जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## सबसे अधिक छक्के लगाने वाले क्लब में पहुंचे ईशान

**मुम्बई ।** सनराजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए बल्लेबाज ईशान किशन ने आईपीएल में एक नया रिकार्ड बनाया है। ईशान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के क्लब में शामिल हो गये हैं। आरसीबी के खिलाफ सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी शीर्ष पर हैं। धोनी ने आरसीबी के खिलाफ अब तक सबसे अधिक 50 छक्के लगाए हैं, जो इस मामले में रिकॉर्ड है। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर 44 छक्कों के साथ दूसरे और दिल्ली कैपिटलस के केएल राहुल 43 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को एक पारी और 45 रनों से हराया

एजेंसी




**नॉटिंघम ।** स्पिनर शोएब बशीर की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए चार दिवसीय मैच को एक पारी और 45 रनों से जीत लिया। 22 साल बाद दोनो टीमों के बीच हुआ ये मुकाबला तीन दिनों में ही समाप्त हो गया। इंग्लैंड की ओर से बशीर ने 9 विकेट लेकर जिम्बाब्वे को कोई अवसर नहीं दिया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक क्रॉली 124, बेन डकेट 140 और ओली पोप 171 के शतकों की सहायता से 6 विकेट पर 565 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इसके बाद जिम्बाब्वे ने 265 रन बनाए। उसके सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 97 गेंदों में 139 रन बनाये। बेनेट ने अपनी पारी में 26 चौके लगाये पर अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिलने से टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी। फॉलो-ऑन खेलते हुए विलियम्स 50 और सिकंदर रजा 44 की पारियों से जिम्बाब्वे ने 255 रन बनाये। जिससे टीम दूसरी पारी में भी 255 रनों पर ही सिमट गयी। बशीर ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इस मैच में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने अपनी ओर से काफी प्रयास किया पर वे इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये।

## प्लेऑफ से पहले आरसीबी में जोश हेजलवुड की हुई वापसी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। सिर्फ कुछ लीग मुकाबले बाकी हैं, उसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे और फिर 3 जून को फाइनल खेला जाएगा। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टीम से जुड़ गए हैं। आरसीबी को अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मंगलवार अर्थात 27 मई को खेलना है। इसके बाद प्लेऑफ मुकाबले शुरू हो जाएंगे। ऐसे में आरसीबी के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि उनकी टीम का प्रमुख तेज तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड वापस आ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के आगमन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, वो आ गया। स्वागत है जोश रेजिनाल्ड हेजलवुड! दरअसल, जोश हेजलवुड ने आईपीएल 2025 में अपना आखिरी मैच 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था। इसके बाद तीन मई को वह कंधे की चोट के चलते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। फिर भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते 9 मई को आईपीएल एक हफ्ते के लिए सस्पेंड हो गया था। तब हेजलवुड अपने घर लौट गए थे। बाद में 17 मई को फिर से सीजन की शुरूआत हुई।

## फॉमूर्ला 2 स्प्रिंट रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने कुश मैनी


एजेंसी



**मोनाको ।** भारतीय रेसर कुश मैनी ने मोनाको ग्रां प्री के फॉमूर्ला 2 स्प्रिंट रेस जीतकर एक रिकार्ड बनाया है। यह पहली बार है जब कोई भारतीय रेसर फॉमूर्ला 2 में पोल पोजिशन पर उतरने के साथ ही ट्रॉफी जीतने में सफल हुआ है। भारतीय रेसर मैनी सर्किट डी मोनाको में हुई इस रेस में शुरूआत से ही बढ़त बनाये रहे। वह मोनाको में रेस जीतने वाले पहले भारतीय चालक हैं। वहीं गैब्रिएल मिनी दूसरे स्थान पर रहे। कुश ने डैम्स लुकास ऑयल टीम की ओर से उतरते हुए यह जीत दर्ज की। मैनी अल्पाइन अकादमी की ओर से में डीएएमएस के लिए एफआईए फॉमूर्ला 2 चैंपियनशिप में भाग लेते हैं। वह अल्पाइन के लिए फॉमूर्ला वन में और महिंद्रा के लिए फॉमूर्ला ई में रिजर्व चालक के रूप में रहते हैं। कुश की मैनी को इस उपलब्धि पर महिंद्रा एंड महिंद के प्रमुख आनंद महिंद्रा ने बधाई दी है। जीत से उत्साहित मैनी ने इसे किसी सपने के सच होने जैस बताया। मैनी ने मोंटे कार्लो के सर्किट डी मोनाको में फॉमूर्ला 2 स्प्रिंट रेस में पोल पोजीशन से शुरूआत करते हुए अंत तक अपनी बढ़त बनाए रखी। मैनी कहा कि यह उनके लिए किसी सपने के सच होने की तरह है। इस जीत से भारत में मोटरस्पोर्ट्स के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी, बल्कि उम्मीद है कि भविष्य में और भी भारतीय चालक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल करेंगे। फॉमूर्ला 2 (एफ2) ग्रां प्री मोटरस्पोर्ट की दुनिया में वह प्लैटफॉर्म है, जहां भविष्य के फॉमूर्ला 1 (एफ1) चैंपियन तैयार होते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली एक रेसिंग प्रतियोगिता है, जो फॉमूर्ला 1 से नीचे है। फेडरेशन इंटरनैशनल द ऑटोमोबाइल (एफआईए) द्वारा आयोजित इस सीरीज का लक्ष्य युवा चालकों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

## श्रीकांत मलयेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में हारे

एजेंसी



**क्वालालंपुर ।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के श्रीकांत को यहां हुए मलयेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत को आधे घंटे से अधिक समय तक चले पुरुष एकल खिताबी मुकाबले में चीन के ली शी फेंग ने सीधे गेम में 11-21, 9-21 से हरा दिया। इससे श्रीकांत के पास आया खिताब जीतने का अवसर निकल गया। श्रीकांत ने मलयेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करते हुए छह साल में पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के फाइनल में प्रवेश किया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफायर से लेकर फाइनल तक अच्छा प्रदर्शन किया था पर फाइनल में वह चीनी खिलाड़ी के सामने टिक नहीं पाये। श्रीकांत ने इससे पहले सेमीफाइनल में विश्व के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को 21-18, 24-22 से हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ जीत हासिल की थी। इसके अलावा क्वार्टर फाइनल में पोपोव को 24-22, 17-21, 22-20 से पराजित किया जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल में गुयेन को 23-21, 21-17 से हराया था।

## क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर बनाने टी20 क्रिकेट लीग शुरू कर रहा कीनिया

एजेंसी



**नैरोबी ।** अफ्रीकी देश कीनिया अब अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर बनाने के लिए एक टी20 क्रिकेट लीग शुरू करने जा रही है। ये लीग सितंबर में शुरू होगी। लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। इसमें दुनिया भर के कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया जा सकता है। क्रिकेट कीनिया और और कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कैनेडी ओबुया ने कहा, ह्ययह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी और वह तेजी से आये बढ़ेगा। कीनिया की तरफ से 90 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, किसी भी मैच के लिए एक टीम को चार विदेशी खिलाड़ियों को ही अंतिम एकादश में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी। वहीं अन्य सभी खिलाड़ी स्थानीय होंगे। कीनिया की टीम का वर्तमान समय में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है पर एक समय वह अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए जानी जाती थी।

## पटना में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर

**पटना।** यहां के उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए अब एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर बनने जा रहा है। ये खेल परिसर राजधानी पटना के गर्दनीबाग में बन रहा है। 28.66 करोड़ की इस परियोजना को के लिए राज्य सरकार की सहमति मिल गयी है। यह खेल परिससर करीब 10 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गमीटर होगा। इसमें 40,000 दर्शक बैठकर मैच का आनंद ले सकेंगे। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए बनाये जा रहे इस परिसर में 10 क्रिकेट पिच बनायी जाएंगी। इसके इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए इसमें हॉकी मैचों के लिए दो ऐस्ट्रो टर्फ भी लगाए जाएंगे। खेल आयोजनों और व्यवस्थाओं के संचालन के लिए एक प्रशासनिक ब्लॉक भी तैयार किया जाएगा।

## शुभमन को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी देना सही फैसला : मॉर्गन

एजेंसी



**लंदन ।** इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों इयोन मॉर्गन और नासिर हुसैन ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी देना एक सही फैसला है। मॉर्गन के अनुसार शुभमन में नेतृत्व के स्वाभाविक गुण हैं और वह किसी भी फैसले पर सवाल उठाने में नहीं डरते हैं। मॉर्गन ने कहा कि उन्होंने साल 2020 और 2021 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शुभमन के साथ खेला है। तभी उन्होंने पाया था कि शुभमन में कप्तानी के गुण हैं। भारतीय टीम को अगले माह शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारतीय टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी शामिल हैं क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास ले लिया था। मॉर्गन का मानना है कि भारतीय टेस्ट टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शीर्ष क्रम में तीन में बल्लेबाजों शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल होंगे के अलावा भी भारतीय टीम के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं नासिर हुसैन ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भी भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत है। उन्होंने कहा कि इस टीम में प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर मिला है। साथ ही कहा कि शुभमन को कप्तानी इसलिए दी गयी है क्योंकि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पूर्व कप्तान ने शुभमन की प्रशंसा की पर साथ ही कहा है कि घरेलू धरती पर उन्होंने काफी रन बनाये हैं पर अब तक विदेशी धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। आईपीएल में उनकी कप्तानी अच्छी रही है। उन्होंने आठ साल के बाद टीम में करुण नायर की वापसी को भी अहम बताया है। साथ ही कहा कि भारतीय टीम में अधिकतर युवा खिलाड़ी हैं पर इसके बाद भी उसे कमजोर नहीं माना जा सकता है।

## राहुल को टी20 में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रखे भारतीय टीम: पीटरसन

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर केविन पीटरसन ने केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है। पीटरसन के अनुसार राहुल को 2026 टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखे। इसके साथ ही उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाना चाहिये। भारतीय टीम में अभी विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। चयनकताओं के पास राहुल के अलावा ऋषभ पंत, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और ईशान किशन जैसे अच्छे विकल्प हैं। राहुल 2022 विश्व कप के बाद से ही भारतीय टी20 टीम में शामिल नहीं हैं पर पीटरसन का मानना है कि उन्होंने इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी कर अपनी वापसी के लिए मजबूत दावेदारी की है। ऐसे में वह विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे बेहतर हैं। पीटरसन ने कहा, मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए राहुल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपके पास बहुत सारे सलामी बल्लेबाज हैं। इंग्लैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा, राहुल जिस तरह से अब क्रिकेट खेल रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने और भारत के लिए विकेटकीपिंग करने के लिए मेरी पहली पसंद बन गये हैं। उन्होंने हाल में एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था। राहुल ने पिछले साल के मध्य से लेकर आखिर तक बहुत सकारात्मक तरीके से खेला है। इसमें वह मैच विजेता बल्लेबाज के तौर पर भी उभरे हैं।

## पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स मुकाबले में बने रिकार्ड

एजेंसी



**जयपुर ।** दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में कई बड़े रिकार्ड भी बने हैं। इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले बल्लेबाज करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 206 रन बनाए थे। इसके बाद 207 रनों के लक्ष्य को दिल्ली कैपिटलस ने 19.3 ओवर में ही 6 विकेट पर हासिल कर एक नया रिकार्ड बना दिया। ये ती तीसरी बार है जब जयपुर के स्टेडियम में किसी टीम ने 200 रनों का लक्ष्य हासिल किया है। इससे पहले इसी सत्र में राजस्थान ने गुजरात जबकि 2023 के आईपीएल में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ 200 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास में तीसरी बार सबसे अधिक रनों का लक्ष्य हासिल किया है। दिल्ली ने इसी सत्र मे विशाखापत्तनम में लखनऊ के खिलाफ 210 रन का अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने साल 2017 में गुजरात लायंस के खिलाफ 209 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। जयपुर में आईपीएल के इस सत्र में केवल 60 फीसदी कैच ही पहकड़े गए हैं जो अन्य सभी स्थलों के मुकाबले सबसे कम है। इसके अलावा यहां अब तक इस सत्र में सबसे ज्यादा 28 कैच गिरजे हैं। इसके अलावा 16 से 20 ओवर में सबसे ज्यादा 421 रन दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स ने बनाये हैं।

## आरसीबी पहुंच सकती है शीर्ष दो टीमों में

एजेंसी



**मुम्बई ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ) की टीम को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच में मिली हार के बाद से ही उसके शीर्ष दो टीम में रहने की संभावना कम हुई है पर समाप्त नहीं हुई है। आरसीबी के पास अभी भी अवसर बचा है पर उसे मंगलवार को होने वाले अंतिम लीग मैच में जीत हासिल करनी होगी और अन्य दो टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। हैदराबाद के खिलाफ हार से आरसीबी तीसरे स्थान पर खिसक गयी है। आरसीबी के अब 13 मैचों से 17 अंक हैं। वहीं पंजाब किंग्स के भी इतने ही अंक हैं पर पंजाब की टीम नेट रन रेट में बेंगलुरु से बेहतर होने के कारण उससे आगे हैं। ऐसे में आरसीबी को अब मंगलवार को अपने बचे हुए लीग मैच में ही जीत दर्ज करनी होगी। अगर वह इस मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को हरा देती है, तो उसके 19 अंक हो जाएंगे। इस प्रकार वह एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष दो में पहुंच सकती है पर इसके साथ ही उसे अंक तालिका में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के मुकाबलों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। अभी गुजरात टाइटंस 18 अंक के साथ नंबर एक पर है उसका एक मैच बाकी है। इसमें अगर वह जीती तो उसके 20 अंक हो जाएंगे। वहीं इसी प्रकार अगर पंजाब किंग्स अगर अपने दोनों मैच जीत ले तो उसके 21 अंक हो जाएंगे। ऐसे में आरसीबी अपना अंतिम मैच जीतकर भी शीर्ष दो से बाहर हो जाएगी। वहीं मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम है। उसके अभी 13 मैच से 16 अंक हैं। अगर वह अपना अंतिम मैच जीते तो उसके 18 अंक हो सकते हैं। इसके बाद भी वह शीर्ष-2 में नहीं आ पायेगी। मुंबई इंडियंस तब ही शीर्ष दो में पहुंच सकती है जब शीर्ष 3 में मौजूद टीमों में से कोई दो अपने सारे लीग मैच हार जाएं। आईपीएल के नियमों के अनुसार, अंक तालिका की शीर्ष-2 टीमों के बीच क्वालीफायर-1 का मुकाबला होता है। इसका विजेता सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है। वहीं क्वालीफायर-1 हारने वाला दूसरे क्वालीफायर में एलिमिनेटर मैच के विजेता से खेलता है।



क्वालालंपुर में मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट में खेलते हुए चीनी जोड़ी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दर्शकों को पसंद आया टॉम क्रूज का एक्शन जलवा बिखेर रहा 'मिशन इंपॉसिबल 8'



बॉक्स ऑफिस इन दिनों टॉम क्रूज का जलवा देखने को मिल रहा है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की आठवीं फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग सिनेमाघरों में दर्शकों द्वारा पसंद की जा रही है। कमाई के मामले में ये फिल्म नए-नए कीर्तिमान बना रही है। वहीं, दूसरी ओर हॉलीवुड की एक और फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन्स' भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार बनाए हुए है। टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल' सीरीज की भारत में काफी लोकप्रियता है। यही कारण है कि जब सीरीज की अंतिम फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हुई, तो दर्शक फिल्म को देखने के टूट पड़े। फिल्म लगातार अच्छी कमाई कर रही है। अब 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' ने संडे को छुट्टी के दिन शानदार कमाई करते हुए 17.69 करोड़ का कारोबार किया। इससे पहले शनिवार को अपने पहले दिन फिल्म ने 17.50 करोड़ की कमाई की थी। जिसके साथ ही दो दिनों में ही फिल्म की कुल कमाई 35.19 करोड़ रुपए पहुंच गई। 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' को लेकर भारत में रिलीज से पहले ही काफी उत्साह था। इसीलिए फिल्म को अमेरिका से भी पहले भारत में रिलीज किया गया। टॉम क्रूज और मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की लोकप्रियता का ही नतीजा है कि इस फिल्म ने पहले ही दिन 'ओपनहाइमर' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

### टॉलीवुड

## 'द गर्लफ्रेंड' के लिए बेसब्र फैंस को रश्मिका का जवाब, शानदार है ये फिल्म



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। इस वक्त वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में आ गईं हैं। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसे सोशल मीडिया पर जल्द रिलीज करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने जानकारी साझा करते हुए फैंस को तसल्ली दी है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रति दर्शकों की बेसब्री देख अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने फिल्म निर्देशक राहुल रविंद्रन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मेरे प्यारों, मुझे पता है कि आपको इंतजार करना पड़ रहा है और आपका ट्रेंड भी शानदार है। आप भरोसा रखें, राहुल रवींद्रन इस फिल्म को आपके लिए शानदार बनाने में जुटे हैं। यह एक खास फिल्म है।' आगे ट्वीट में अभिनेत्री ने लिखा, 'ये शानदार फिल्म है, जिनके बारे में आमतौर पर ज्यादा बात नहीं होती। ये पूरी तरह किरदारों पर बनी फिल्म है और यही इसकी सबसे खास बात है। हम वादा करते हैं कि हम आपको सबसे बेहतरीन फिल्म देंगे और ये इंतजार आपके लिए यादगार होगा। आज आपने जो प्यार दिखाया, उसके लिए हम प्रक्रिया को और तेज करेंगे और जल्द से जल्द ये फिल्म आपके सामने लाएंगे।' एक्ट्रेस के इस ट्वीट पर निर्देशक राहुल रविचंद्रन ने रीट्वीट करते हुए जवाब दिया। उन्होंने लिखा, यह लड़की हमारी फिल्म की आत्मा और रीढ़ है। बहुत ज्यादा प्यार रश्मिका और हां, वास्तव में हम आप सभी को एक अच्छा अनुभव देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'जेठानी' की शूटिंग शुरू, पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आएगा यह भोजपुरी स्टार



रानी चटर्जी जल्द ही फिल्म 'जेठानी' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शुटिंग आज से शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी फिल्म के हीरो ने सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। रानी मुखर्जी की नई फिल्म 'जेठानी' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म के एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही रानी की जमकर तारीफ भी की है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं - जिस पर लिखा है - 'जेठानी'। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किए है, लेकिन पहली बार मैं उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है।

## ये अभिनेत्रियां अपने स्टाइल से ढा रही हैं कहर

### लाइफ स्टाइल



आज के समय में अगर 90 के दशक की सबसे ग्लैमरस अभिनेत्रियों का जिक्र करें तो उसमें मलाइका अरोड़ा का नाम सबसे ऊपर होगा। धक-धक गर्ल के रूप में पहचानी जाने वाली अभिनेत्री माधुरी दीक्षित एथनिक से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में वो अपनी मुस्कान और ग्रेस से सबका दिल जीत लेती हैं। आज कई दशकों के बाद भी करिश्मा कपूर वेस्टर्न और इंडियन वियर दोनों में बेहद स्टाइलिश और शालीन अंदाज में दिखाई देती हैं। वो अक्सर इंडो वेस्टर्न आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। शिल्पा शेट्टी का स्टाइल आज भी युवाओं को टक्कर देता है। साड़ी ड्रेपिंग से लेकर फ्यूजन आउटफिट्स तक, हर लुक में वह कमाल लगती हैं। रवीना टंडन आज के समय में भी अपने बोल्ड और रॉयल लुक्स से लाइमलाइट बटोरती हैं। उनके एथनिक आउटफिट्स और रेड कारपेट लुक्स बेहद इंप्रेसिव होते हैं।

## चाहिए गहरा-काला रंग तो मेहंदी में ये चीजें मिलाकर बालों में करें अप्लाई

आज के समय में लोगों की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर सीधा उनकी सेहत के साथ-साथ उनकी त्वचा और बालों पर पड़ता है। कम उम्र में ही युवाओं के बाल सफेद होने लगे हैं, जिसकी वजह से वो टेंशन में आ गए हैं। सफेद बालों को काला करने के लिए लिए वैसे तो बाजार में तमाम तरह के कलर आते हैं, लेकिन ये रंग बालों को खराब भी कर सकते हैं।

इसलिए आज भी युवा बालों का रंग काला करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। सिर्फ मेहंदी के इस्तेमाल से बाल काले नहीं होते हैं, इसके लिए आपको कुछ नुस्खे आजमाने पड़ेंगे।

यहां हम आपको इन्हीं नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। ताकि आप बिना टेंशन लिए अपने बालों को कलर कर पाएं। इसके लिए आपको मेहंदी में कुछ चीजें अप्लाई करनी हैं।



### कॉफी

कॉफी का इस्तेमाल से आपके बाल न सिर्फ काले होंगे, बल्कि इससे बालों की जड़ें भी मजबूत बनेंगी। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में मेहंदी पाउडर लें। अब इसमें दो से तीन चम्मच कॉफी पाउडर मिक्स करें। दोनों चीजों का पेस्ट तैयार करके अब इसे अपने बालों में अप्लाई करें। आधे घंटे के बाद बालों को धो लें। इससे बालों का रंग प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

### चाय

हर भारतीय रसोई में चाय की पत्ती तो आसानी से मिल ही जाती है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से भी अपने बालों को काला कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कटोरी में मेहंदी पाउडर लेकर उसमें चाय की पत्ती का पानी डालें। ध्यान रखें कि चाय का पानी तैयार करने के लिए उसे काफी देर तक खौलाएं, ताकि इसका रंग अच्छा दिखे। इससे भी आपके बाल काले हो जाएंगे।

### कत्था

हम यहां उसी कत्थे की बात कर रहे हैं, जो पान में यूज होता है। इससे मेहंदी में शानदार कलर आता है। इसे मेहंदी में मिक्स करने के लिए कत्था को कूटकर इसका दरदरा पाउडर बना लें। अब इसे मेहंदी पाउडर में मिलाकर पेस्ट बनाएं और बालों में लगा लें। ये बालों को प्राकृतिक रूप से काला रखने में मदद करता है।

### आंवला

यदि आपके पास आंवला पाउडर रखा है, तो इसका इस्तेमाल भी आप बालों को काला करने के लिए कर सकते हैं। ये बालों को पोषण देकर बालों का रंग गहरा काला करता है। इसके इस्तेमाल के लिए मेहंदी पाउडर में आंवला पाउडर मिक्स करें और फिर उसका पेस्ट तैयार कर लें। अब इसका इस्तेमाल अपने बालों में करें और एक घंटे के बाद बालों को धो लें।

## रेडी टू वियर साड़ी खरीदने जा रही हैं तो याद रखें ये बातें, वरना पैसे होंगे बर्बाद



फैशन

भारतीय महिलाओं की जिंदगी में साड़ी काफी अहम किरदार निभाती है। ज्यादातर महिलाओं को साड़ी पहनना काफी पसंद भी होता है, क्योंकि इसे वो शादी-विवाह से लेकर पूजा-पाठ और पार्टियों तक में कैरी कर लेती हैं। आज के समय में बहुत सी महिलाओं को साड़ी पहनना तो काफी पसंद होता है, लेकिन वो इसे सही से पहन नहीं पातीं। ऐसे में उनके लिए रेडी टू वियर साड़ी एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है।

रेडी टू वियर साड़ी महिलाओं को प्लीट्स और पल्लु सेट करने जैसे झंझट से आजाद करती है। युवा लड़कियों के बीच ये साड़ी काफी पॉपुलर मानी जाती है। अगर आप भी रेडीमेड साड़ी पहनने का मन बना रही हैं, तो खरीदते समय इन कुछ खास बातों का ध्यान रखें ताकि साड़ी देखने में भी सुंदर लगे।

**साइज होना चाहिए सही :** जब भी रेडी टू वियर साड़ी खरीदने जाएं तो उसका साइज अवश्य चेक करें। अक्सर दुकानदार ये कहकर आपको साड़ी बेच देते हैं कि ये फ्री साइज होती है, जबकि ऐसा नहीं होता है। यदि आप बिना साइज चेक किए साड़ी खरीदेंगी तो हो सकता है ये लंबी हो या फिर छोटी भी। इसे आप फोल्ड करके एडजस्ट भी नहीं कर सकतीं।

**फिटिंग देखें :** यदि साइड परफेक्ट है तो एक बार ट्राई करके उसकी फिटिंग देख लें। रेडी टू वियर साड़ी में हुक लगा होता है, जो साड़ी को अटैच करता है। यदि ये साइड में सही नहीं होगी, तो इस हुक को बंद करने में परेशानी होगी। वहीं गलत फिटिंग की साड़ी में पल्लु भी खराब दिख सकता है। इसलिए एक बार फिटिंग अवश्य चेक कर लें।

**फैब्रिक देखें :** फॉर्मल इवेंट्स के लिए बेस्ट जॉर्जेट या क्रेप फैब्रिक की साड़ी परफेक्ट मानी जाती है। यदि किसी शादी विवाह में रेडी टू वियर साड़ी पहननी है तो सिल्क और बनारसी फैब्रिक का चयन करें। गर्मियों में ऐसे ही साड़ी पहननी है तो आज-कल बाजार में सूती रेडी टू वियर साड़ी भी मिलने लगी हैं।

**ब्लाउज देखें :** अक्सर रेडी टू वियर साड़ी के साथ का ब्लाउज सिंपल होता है। इसलिए एक बार चेक कर लें और पहनकर भी देख लें। ध्यान रखें कि प्लेन साड़ी के साथ प्लेन ब्लाउज अच्छा नहीं लगता है। कोशिशि करें कि साड़ी यदि प्लेन है तो उसका ब्लाउज हैवी हो, जिसपर वर्क भी खूबसूरत हो।

**ड्रेपिंग स्टाइल चेक करें :** रेडी टू वियर साड़ियों में ज्यादातर पल्लु और प्लीट्स पहले से ही फिक्स होते हैं। जिसको कैरी करना काफी आसान होता है। जबकि कुछ साड़ियां लहंगा स्टाइल या धोती स्टाइल में आती हैं, जो मॉडर्न और फ्यूजन लुक देती हैं।

## बढ़ती उम्र में अभिनेत्रियां कैसे रखती हैं अपनी स्किन का ध्यान?

90 के दशक की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो आज के समय में भले ही पर्दे पर कम दिखती हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों में देखने को मिल जाती है। इन अभिनेत्रियों के खिले-खिले चेहरे को देखकर हर किसी के मन में एक न एक बार तो ये सवाल आता है कि आखिर ये इतनी खूबसूरत कैसे हैं ? आखिर इनके चेहरे पर बढ़त उम्र के निशान क्यों नहीं हैं ? आपके इन्हीं सवालों का जवाब लेकर हम आज आए हैं।



### नियमित स्किन केयर है जरूरी


ये जानना आपके लिए बेहद जरूरी है कि उम्र चाहे जो भी हो लेकिन नियमित स्किन केयर रूटीन फॉलो करना हर किसी के लिए बेहद जरूरी है। सबसे पहले तो हर किसी को सीटीएम रूल फॉलो करना चाहिए। ये एक बेसिक स्किन केयर रूटीन होता है, जिससे त्वचा साफ, संतुलित और हाइड्रेटेड रहती है। दिन में दो बार सीटीएम रूल के तहत चेहरा साफ करें। अपनी उम्र के हिसाब से रेटिनोल, हायलूरोनिक एसिड या विटामिन C युक्त सीरम का इस्तेमाल करना भी समय रहते शुरू कर दें, ताकि आपके चेहरे बढ़ती उम्र के लक्षण न दिखें। इन सबसे अलग सनस्क्रीन को तो अपनी जेब में ही रखना शुरू कर दें और हर तीन से चार घंटे में इसका इस्तेमाल करें।

### मेकअप से रहें दूर

अभिनेत्रियां भले ही शूटिंग के दौरान कितना भी मेकअप कर लें, लेकिन एक समय के बाद वो मेकअप से दूरी बना लेती हैं। मेकअप का इस्तेमाल फिर वो सिर्फ उसी वक्त करती हैं, जब उन्हें कहीं जाना हो या फिर शूटिंग करनी हो। यदि मेकअप कर रही हैं तो सोने से पहले उसे सही तरह से साफ करना बेहद जरूरी है। अगर आप मेकअप के साथ ही सो जाएंगी तो इसका असर आपकी स्किन पर पड़ेगा। मेकअप खरीदते समय भी ये ध्यान रखें कि ये हाई-क्वालिटी और स्किन-फ्रेंडली हो, ताकि किसी तरह की एलर्जी का खतरा न रहे।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं ये नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन

कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।



**एलोवेरा जेल लगाएं :** गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आलू का रस :** यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।

**नींबू और शहद का फेसपैक :** चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। ऐसे में सबसे पहले तो एक कटोरी में शहद लें। इसके बाद इसमें नींबू का रस मिक्स करें।

**गुलाब जल :** दिन में बीच-बीच में गुलाब जल को चेहरे पर स्प्रे करते रहें। ये एक अच्छे टोनर के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल आप सीटीएम रूटीन में भी फॉलो कर सकते हैं। गुलाब जल आपके चेहरे को हाइड्रेट भी रखेगा।

### कार्नर न्यूज

## लुक ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न फैशन को बखूबी दर्शाता है

एलिगेंस-ग्लैमर का साथ में मिलेगा तड़काबॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे एक बार फिर अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में हैं। जी सिने अवॉड्र्स 2025 के रेड कार्पेट पर उन्होंने पारंपरिक साड़ी को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ कैरी कर एक नया स्टाइल स्टेटमेंट सेट किया। मशहूर डिजाइनर मसाबा गुप्ता की आइवरी साड़ी और मेटैलिक गोल्डन स्ट्रैपलेस ब्लाउज में अनन्या का लुक बेहद एलिगेंट और ग्लैमरस नजर आया। सटल मेकअप, पर्ल चोकर और स्टाइलिश हेयरडू ने उनके पूरे लुक को और भी खास बना दिया। उनका यह लुक ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न फैशन को बखूबी दर्शाता है।

## पार्टी में पहननी है हल्के रंग की साड़ी, तो अनन्या पांडे के इस लुक से लें आइडिया




### स्टाइलिंग में भी दिखी क्लास

अनन्या के इस लुक को सेलिबिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया। उन्होंने अनन्या को ऐसा लुक दिया जो जिसमें ज्यादा ध्यान बारीक डिटेलिंग पर किया गया है। आउटफिट के साथ अनन्या ने एक लेयर्ड पर्ल चोकर पहना है, जिसमें नॉटेड डिजाइन है। यह खूबसूरत नेकपीस 'गजदर ज्वेलर्स' का है। इसके अलावा, उन्होंने एक क्रिसेंट शेप (अर्धचंद्राकार) क्लच कैरी किया है, जो उनके आउटफिट के साथ परफेक्टली मैच कर रहा है।

### हेयर और मेकअप लुक


अनन्या पांडे का हेयर और मेकअप लुक भी उनके आउटफिट की तरह बेहद सटल और एलिगेंट है। उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट अपडू में स्टाइल किया है, जिससे उनके चेहरे की खूबसूरती और निखरकर सामने आ रही है। मेकअप की बात करें तो अनन्या ने डीवी स्किन फिनिश को चुना, जिसमें न्यूड लिप्स, सॉफ्ट ब्लश और डेफाइंड आईज शामिल है। यह मेकअप लुक न केवल उनके पूरे आउटफिट के साथ पूरी तरह बैलेंस कर रहा है, बल्कि सादगी और क्लास का परफेक्ट कॉम्बिनेशन भी पेश कर रहा है। उनका यह लुक ट्रेंडी और ग्रेसफुल दोनों लग रहा है।

### फैंस को भाया अनन्या का नया अंदाज

फैंस को भाया अनन्या का नया अंदाज- अनन्या का यह साड़ी लुक सोशल मीडिया पर भी काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस उनके इस एलिगेंट और ग्रेसफुल अंदाज की तारीफ करते नहीं थक रहे। रेड कार्पेट पर अक्सर वेस्टर्न लुक्स छाए रहते हैं, लेकिन अनन्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि साड़ी को मॉडर्न टच देकर भी ग्लैमरस और फैशनेबल बना जा सकता है।

### फैशन प्रेमियों के लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन

अगर आप किसी वेडिंग फंक्शन, रिसेप्शन या फेस्टिव पार्टी में ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न स्टाइल का परफेक्ट कॉम्बिनेशन अपनाना चाहती हैं, तो अनन्या पांडे का यह लुक आपके लिए बेहतरीन इंस्पिरेशन बन सकता है। मसाबा गुप्ता की डिजाइन की हुई आइवरी साड़ी को मेटैलिक गोल्डन स्ट्रैपलेस ब्लाउज के साथ पेयर कर अनन्या ने जो एलिगेंट और ट्रेंडी लुक क्रिएट किया है, वो खास मौकों के लिए एकदम परफेक्ट है। सटल मेकअप, सॉफ्ट हेयरडू और पर्ल एक्सेसरीज इस लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं। आप भी न्यूड टोन मेकअप और हल्के ज्वेलरी के साथ ऐसा ही लुक ट्राई कर सकती हैं। यह लुक न सिर्फ फैशनेबल है बल्कि बेहद कम्फर्टेबल भी है। ट्रेडिशनल आउटफिट को मॉडर्न ट्विस्ट देने का यह स्टाइल यंग फैशन प्रेमियों के लिए एक परफेक्ट गाइड हो सकता है।



# हेरा फेरी 3 से परेश रावल के हटने पर आया सुनील शेट्टी का रिएक्शन

इन दिनों परेश रावल सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म हेरा फेरी 3 से खुद को अलग कर लिया है। इस पर अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपना रिएक्शन दिया है। हाल ही में एक एक इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि हेरा फेरी 3 से परेश रावल हट रहे हैं तो वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों से हटना बड़ा नुकसान है। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार को भी इसके बारे में जानकारी नहीं थी।

## सुनील शेट्टी हुए हैरान

सुनील शेट्टी ने बातचीत में बताया कि मेरा मतलब है यह मेरे लिए बहुत बड़ा सदमा है। मैं यहां इसलिए आया हूं क्योंकि मैंने कल ही यह सुना था, और फिर आज, कुछ और खबरें आईं। इसलिए, मुझे फोन करके पता लगाना है। मैं पूरी तरह से टूट गया हूं क्योंकि अगर कोई एक फिल्म थी जिसका मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा था, तो वह हेरा फेरी थी। परेश रावल के बिना नहीं बन सकती फिल्म हेरा फेरी 3 में सुनील शेट्टी श्याम का किरदार निभाने वाले हैं। सुनील शेट्टी ने बताया कि उन्हें लगता है कि बाबू भैया के बिना तीसरी किस्त नहीं बन सकती। सुनील शेट्टी ने कहा परेश रावल के बिना 100 प्रतिशत यह नहीं बन सकती। मेरे और अक्षय के बिना इसकी 1 प्रतिशत संभावना हो सकती है, लेकिन परेश जी के बिना 100 प्रतिशत नहीं बन सकती। सुनील शेट्टी ने कहा कि वह नहीं जानते कि फिल्म का क्या होगा। उन्होंने कहा यह फिल्म हमारे दिमागी सेहत के लिए बहुत अहम है। मैं नहीं जानता कि क्या होने वाला है।

## परेश रावल ने दी फिल्म से हटने की जानकारी

आपको बता दें कि हाल ही में परेश रावल ने अक्षय कुमार की फिल्म हेरा फेरी 3 से खुद को अलग कर लिया है। परेश रावल ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर भी दी है। खबर है कि नुकसान की भरपाई के लिए अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने परेश रावल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।



# साउथ में काम करने के दौरान हुआ बुरा अनुभव

संयमी खेर के करियर को लगभग दस साल हो चुके हैं। एक तेलुगू फिल्म 'रे' से इस एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत की। इसके बाद साल 2016 में राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'मिर्जिया' से बॉलीवुड में कदम रखा। अब तक वह कई फिल्में और कुछ वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में इस एक्ट्रेस ने बताया कि जब करियर शुरू कर रही थी, स्ट्रगल कर रही थी तो उन्हें भी कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा।

संयमी खेर ने हाल ही में बातचीत में कहा, 'शुरुआती दौर में फिल्म इंडस्ट्री में एक एजेंट थी जिसने मुझे 19 या 20 साल की उम्र में एक तेलुगू फिल्म के लिए बुलाया था। उसने कहा कि तुम्हें पता है, तुम्हें समझौता करना पड़ेगा। तो मैंने उनसे पूछा कि मैम मैं समझ नहीं पा रही हूं कि आप क्या कह रही हैं? इस पर वह बोलीं, 'देखो, तुम्हें समझना होगा। तब मैंने कहा कि आपको लगता है कि मुझे इस रास्ते पर चलने की जरूरत है। मेरी अपनी लिमिट है, जिन्हें मैं अपनी जिंदगी में कभी पार नहीं करूंगी।'

## इन फिल्मों-वेब सीरीज में संयमी नजर आईं

अब तक संयमी चोक्ड, अनपॉज्ड और वाइल्ड डॉग और हाईवे जैसी साउथ की फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह आर. बाल्की की फिल्म 'घूमर' में लीड रोल भी कर चुकी हैं। हाल ही में वह सनी देओल की फिल्म 'जाट' में भी नजर आईं। वेब सीरीज 'स्पेशल ऑप्स', 'ब्रीद' और 'फाड़ू' में भी वह अहम किरदार निभा चुकी हैं।

## फिल्मी परिवार से है नाता

50 के दशक की मशहूर अभिनेत्री उषा किरण संयमी खेर की दादी हैं। संयमी के पिता मॉडल रह चुके हैं। साथ ही संयमी की बुआ तन्वी आजमी भी नामी एक्ट्रेस हैं। संयमी की बड़ी बहन संस्कृति भी मराठी फिल्मों में एक्टिंग करती हैं। इस तरह संयमी का लगभग पूरा परिवार ही फिल्मों से जुड़ा है।



# आदर्श गौरव शनाया कपूर के साथ जल्द करेंगे 'तू या मैं' की शूटिंग

फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। जल्द ही इसकी शूटिंग आदर्श गौरव और संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर करेंगे। हाल ही में एक बातचीत में आदर्श गौरव कहते हैं, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग को लेकर काफी एक्साइटेड हूं। फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होगी। मैंने इस तरह की फिल्म पहले नहीं की है, यह बिल्कुल अलग जॉनर की फिल्म है।'

निर्देशक बेजॉय-शनाया के साथ काम करके खुश आदर्श गौरव आगे कहते हैं, 'बेजॉय नांबियार के साथ काम करना कमाल का अनुभव है, उनकी सिनेमा की समझ बिल्कुल अलग है। वहीं शनाया कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करना भी खास एक्सपीरियंस है। मैं बहुत एक्साइटेड हूं, दर्शकों को यह बताने के लिए हम क्या नया बना रहे हैं।'

## आदर्श गौरव-शनाया के बाकी प्रोजेक्ट्स

आदर्श गौरव के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' में नजर आए थे। वहीं फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर को हाल ही में एक और फिल्म मिली है। इस फिल्म का नाम 'जेसी है। इसके अलावा वह विक्रांत मैसी के साथ एक फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' की भी कर रही हैं। इसी फिल्म से शनाया का डेब्यू बॉलीवुड में हो रहा है।

# कमल हासन ने बताया कैसे हुई मणिरत्नम से दोस्ती



तमिल सुपरस्टार और दिग्गज अभिनेता कमल हासन इन दिनों अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो चुका है, जिसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान कमल हासन ने इस फिल्म में दिग्गज फिल्ममेकर मणिरत्नम के साथ 35 साल बाद फिर से काम करने और उनके साथ अपनी दोस्ती को लेकर चर्चा की।

## ऐसे हुई कमल हासन और मणिरत्नम की दोस्ती

कमल हासन ने मणिरत्नम के साथ आखिरी बार 1987 की सुपरहिट फिल्म 'नायकन' में काम किया था। इसके बाद दोनों ठग लाइफ में साथ आ रहे हैं। मणिरत्नम के साथ अपने रिश्ते और दोस्ती का जिक्र करते हुए कमल हासन ने कहा, मैं उन्हें उसी इलाके में रहने वाले एक दोस्त के रूप में जानता हूं। मुझे यह भी नहीं पता था कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। वह एक इंसान थे और मुझे उनके बात करने का तरीका पसंद आया। हम दोस्त बन गए। हमारे दोस्तों का एक ग्रुप था और हम केवल सिनेमा के बारे में बात करते थे और कोई गपशप नहीं करते थे और यहीं से हमारी दोस्ती की शुरुआत हुई।

## 'हम खुद फिल्मों के प्रशंसक हैं'

खुद को और मणिरत्नम को फिल्म लवर और सिनेमा का फैन बताते हुए कमल हासन ने एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया, जब हम कोलाबा के पास 'नायकन' की शूटिंग कर रहे थे और रमेश सिप्पी साहब फिल्म सिटी में शूटिंग कर रहे थे। हम सभी रमेश सिप्पी की शूटिंग देखने गए थे। हम भी प्रशंसक हैं, फिल्म लवर हैं और यही हमें यहां लाया है। हम किसी भी सेट पर जाकर किसी को भी देखेंगे, खासकर जिन्हें हम प्रतिभाशाली मानते हैं, हम उन्हें और अधिक देखना चाहेंगे।

## मणिरत्नम ने की कमल की तारीफ


इस दौरान निर्देशक मणिरत्नम ने भी कमल हासन के साथ अपनी दोस्ती को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे याद है जब वह तमिल में 'सदमा' की योजना बना रहे थे और मैंने जो कहानी सुनी है, वह मेरे दिमाग में बसी हुई है, जब उन्होंने कहानी सुनी। वह वापस आए और उन्होंने उस सीन को किया और उन्हें बताया कि वह सीन क्या था। इस तरह के व्यक्ति हैं कमल हासन। मैं भाग्यशाली था कि मैं उनके साथ काम करते हुए उनसे बातचीत करने में सक्षम था। इसलिए, मुझे पता था कि कोई ऐसा व्यक्ति है जो हम सभी के लिए एक बड़ा रास्ता बना रहा है और उसने वही किया है।



# रितेश की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म का पोस्टर रिलीज, अभिषेक-संजय भी हिस्सा

एक्टर रितेश देशमुख दर्शकों के लिए एक शानदार फिल्म लेकर आ रहे हैं, जो स्टार कलाकारों से भरी हुई है। छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित फिल्म राजा शिवाजी का पहला लुक जारी हो गया है। इसकी जानकारी रितेश ने अपने सोशल मीडिया पर बताई है, इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के स्टार कास्टों के बारे में भी जानकारी दी है।

अभिनेता रितेश देशमुख खुद के निर्देशन में मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है राजा शिवाजी। डायरेक्शन में डेब्यू के साथ-साथ रितेश देशमुख इसमें मुख्य भूमिका में भी नजर आएंगे, यानी कि अभिनेता शिवाजी महाराज की भूमिका में दिखेंगे। इसकी एक झलक भी दिखाई गई है, जिसे एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य को दिखाया गया है, जो तलवार लिए हुए हैं और दुश्मन उनके सामने ढेर पड़े हुए हैं। इस फिल्म में रितेश देशमुख के अलावा अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्त और जेनेलिया जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।




अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट शेयर किया है। उन्होने कैप्शन में लिखा, 'भारत के महान योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को सिनेमाई श्रद्धांजलि पेश करने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।'



# अपनी खुशियां कुर्बान करने से आप अच्छी मां नहीं बन जाएंगी, आपको भी हक है

**छोटा पर्दा हो या ओटीटी, पंजाबी सिनेमा या बॉलिवुड, सुरवीन चावला ने बतौर कलाकारा हर माध्यम में अपनी छाप छोड़ी है। वह इस बात की भी नज़ीर हैं कि एक पत्नि और मां के दायित्व के बावजूद आप करियर में और ऊंची उड़ान भर सकती हैं। इस साल चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा में नजर आने वाली सुरवीन से खास बातचीत**

**हेट स्टोरी 2 हो, उंगली हो या सेक्रेड गेम्स, आपके किरदार बड़े कॉम्पलेक्स रहे हैं। आपके आने वाले चारों शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा भी डार्क जोन में ही हैं। क्या आपको ऐसे कॉम्प्लेक्स किरदार ही लुभाते हैं?**

शायद, मुझे ऐसा लगता है और मुझे उसमें मजा भी आता है, क्योंकि असल जिंदगी में भी इंसान सिंपल नहीं होता। लोगों की अपनी-अपनी जटिलताएं होती हैं तो जब ऐसे किरदार आते हैं तो मुझे लगता है कि इसमें खेलने को ज्यादा मिलेगा, क्योंकि वे जिंदगी के बहुत करीब होते हैं। ये सही है कि मेरे पास ऐसे ही किरदार आते हैं जो बहुत कॉम्प्लेक्स और लेयर्ड होते हैं, मगर ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ वैसे ही किरदार करना चाहती हूं। मेरा भी मन करता है कि कभी डार्क और हैवी किरदारों के बजाय थोड़े हल्के-फुल्के किरदार करूं। मैं कमर्शल मसालेदार काम भी करना चाहती हूं। जैसे, डीकपल्ड में मुझे बहुत मजा आया, वो हल्का फुल्का, फन शो था। हालांकि, उसमें भी रिश्तों की काम्प्लेक्सिटी थी। ऐसे किरदारों को रियल बनाना ज्यादा चैलेंजिंग है, क्योंकि हमें रियलिस्टिक किरदार करने की इतनी आदत हो जाती है कि उसमें ज्यादा मेहनत लगती है।

**शूटिंग के बिजी शेड्यूल में जब बेटी को नहीं मिल पातीं तो कभी मॉम गिल्ट भी होता है?**

यार, पता नहीं इस बात के लिए मुझे अच्छी नजर से देखा जाएगा या बुरी नजर से, मगर इन 6 सालों में मुझे कभी मॉम गिल्ट नहीं हुआ है। मॉम गिल्ट क्यों होना चाहिए? मैं अपने को पीछे नहीं रख सकती हूं। निश्चित तौर पर हम माओं को बच्चे के लिए बहुत सी चीजें करनी पड़ती हैं। अपनी प्राथमिकताएं बदलनी पड़ती हैं, जिसमें ज्यादातर समय बच्चा सबसे ऊपर होता है, लेकिन मेरे बच्चे से पहले से मेरी एक पहचान है। मैं एक इंसान हूं। मैंने अपनी एक जिंदगी जी है। मेरी भी कुछ चाहतें हैं, तमन्नाएं हैं, ये कुर्बानियां देने से आप अच्छी मां नहीं बन सकती हैं, क्योंकि वो कुर्बानी कहीं ना कहीं आपकी अपनी खुशी को मार रहा है और अपनी खुशी को मारकर आप किसी और को खुशी नहीं दे सकते। मेरा मानना है कि बच्चे और पार्टनर के बाद भी अपनी जरूरतों को आगे रखना जरूरी है।

**क्रिमिनल जस्टिस 4 में घरेलू हिंसा जैसा गंभीर मुद्दा उठाया गया है। आज के आधुनिक दौर में भी तमाम औरतें ऐसी हिंसा और गैर-बराबरी सह रही हैं। आप इस बारे में क्या सोचती हैं?**

इस समस्या के पीछे बहुत सारे कारण हैं। हमारे लिए बात करना बहुत आसान है, मगर जो ये सब सहती हैं, उन पर क्या बीतती है, उनकी क्या मजबूरी है! वो आप नहीं जानते। कोई इंसान बिना वजह कुछ नहीं झेलता है। हम शहरी, पढ़े लिखे, आर्थिक रूप से सक्षम लोग हैं। हम अपनी सोच में भी आजाद ख्याल औरतें हैं तो हम अपने घर पर बैठकर बोल सकते हैं कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए, सहना नहीं चाहिए, लेकिन जिनके हालात ऐसे नहीं हैं, उनकी आवाज निकलेगी कैसे? उनके ईको सिस्टम में सपोर्ट क्या है? जो औरत आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, वो जाएगी कहां? तो इसका एक बड़ा पहलू ये भी है कि अगर आप आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी तो आप आवाज उठा पाएंगी। आप निडर होंगी, क्योंकि बहुत सारा साहस आर्थिक स्वतंत्रता से आता है। जब आपके बैंक में पैसे पड़े होते हैं ना, तो आपकी आवाज अपने आप बुलंद हो जाती है तो ये आर्थिक स्वतंत्रता बहुत जरूरी है।

**इस साल आपके चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा आने वाले हैं। उनके बारे में क्या कुछ खास रहा?**

क्रिमिनल जस्टिस मेरा पसंदीदा फ्रेंचाइज रहा है। इसमें थ्रिल के साथ समाज से जुड़े मुद्दे और इमोशन होते हैं, तो इससे जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मैं पंकज जी (पंकज त्रिपाठी) की बहुत बड़ी फैन हूं तो उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। पंकज जी चलता-फिरता स्कूल हैं। असल में जब कोई फिल्म स्कूल से होता है तो उनका मेथड अलग होता है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वहीं, मंडला मर्डर्स बिल्कुल अलग जोन में हैं। वो भी बहुत रोचक थ्रिलर है, जिसमें खूब सारा प्यार, ऐक्शन और रहस्य है। मेरा रोल उसमें क्रिमिनल जस्टिस से बिल्कुल अलग है। राणा नायडू के बारे में जब जानते हैं, मगर सेकंड सीजन में वह और धमाकेदार होने वाला है।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )**। हाल ही में भारतीय सेना द्वारा संचालित 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा महेश चौहान के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।



भाजपा नोएडा महानगर के ज़िला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में यह यात्रा नोएडा के आठ प्रमुख मंडलो में जेड ब्लॉक सेक्टर-12, गुरुद्वारा, चौड़ा, आम्रपाली जोडियक सेक्टर-120, निमी बिहार, हल्द्वानी, चोटपुर, सेक्टर-104, आम्रपाली सफायर, हरौला में संपन्न हुई।

यात्रा में हज़ारों की संख्या में नोएडा वासियों ने भाग लिया, जिनमें युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से शहर की सड़कें गूंज उठीं। देशभक्ति के गीतों और हाथों में लहराते तिरंगे झंडों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा ज़िला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि जिन शत्रुओं ने भारत की माताओं-बहनों की मांग का सिंदूर मिटाया था, भारतीय सेना ने उन्हें माकूल उत्तर देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब किसी भी दुस्साहस को बर्दाश्त नहीं करेगा।

तिरंगा यात्रा में पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बॉथम, डिम्पल आनंद, श्रीमती सुषमा सिंह, विनोद त्यागी, अमित त्यागी, प्रमोद बहल, हर्ष चतुर्वेदी, नरेश शर्मा, सुचित्रा पाठक कक्कड़ रामनिवास यादव, चंदगीराम यादव, करतार चौहान, प्रमोद बहल, अशोक मिश्रा, भूपेश चौधरी, मनोज चौहान, देवेंद्र सिंह भदौरिया, अर्पित मिश्रा, राहुल शर्मा, मुक्तानंद प्रधान, रामकिशन यादव, मनीष तिवारी, शशिधर उपाध्याय, दीनबंधु कुशवाहा, गौतम शर्मा, नीरज चौधरी, सत्यनारायण महावर, प्रदीप चौहान, नीरज चौहान अतुल त्यागी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद व विधायक ने सुनी 'मोदी के मन की बात'





**नोएडा ( चेतना मंच )**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। इसके चलते नोएडा महानगर में सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद डॉ महेश शर्मा सेक्टर-62 रजत विहार में रहे। विधायक पंकज सिंह शक्ति केन्द्र सेक्टर 93 के बूथ नंबर 699 पर रहे। जिलाध्यक्ष महेश चौहान 534 महागुण मर्डर्न, सेक्टर 78 में रहे तथा मोदी के मन की बातों को सुना।

सांसद डॉ महेश शर्मा कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में योग, आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की। योग की बात हो या आत्मनिर्भर व स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े कार्यक्रमों की बात हो, इन सभी विषयों पर आज प्रधानमंत्री मोदी ने हम सभी को संबोधित किया।मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरित करता है और उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों से जोड़ता है।

विधायक पंकज सिंह ने इस मौके पर कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री की भावनाएं और योजनाएं जन-जन तक पहुंचती हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंधु रक्षक की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश का गौरव और सम्मान बढ़ा है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और उनकी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में बिमला बाथम, सुषमा सिंह, बिजेंदर नागर, विनोद शर्मा, चंदगी राम यादव, संजय बाली, युद्धवीर चौहान, तन्मय शंकर, प्रवेश चौहान, गौतम शर्मा, प्रदीप चौहान, कमल वर्मा, समीर बाथम, लता अग्रवाल, किरण सिंह, आशीष मिश्रा, आशीष तिवारी, अनिल शर्मा, अशोक मिश्रा, संध्या तिवारी, सुभाष, अनूप गुप्ता, राहुल शर्मा, विपुल शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, आदि कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर रहे।

# शस्त्र व शास्त्र में दक्ष थी अहिल्या बाई : पंकज सिंह

## त्याग व सेवा की प्रतिमूर्ति थीं अहिल्याबाई होल्कर : महेश चौहान

**नोएडा ( चेतना मंच )**। भाजपा नोएडा महानगर जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर उनकी जीवन यात्रा पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में आए सभी नोएडावासियों को अपने संबोधन में विधायक पंकज सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने शस्त्र और शास्त्र दोनों में दक्षता प्राप्त कर नारी शक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो युगों-युगों तक प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने 30 वर्षों तक सुशासन चलाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य की भावना को आगे बढ़ाया। उनके शासन का मूल आधार आध्यात्मिकता, सेवा और न्याय था।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने एक सामान्य किसान परिवार में जन्म लेकर, अपने मन, वचन और कर्म से राज्य को गौरव प्रदान किया। उनका जीवन दर्शाता है कि त्याग, तपस्या और सेवा भाव से कोई भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए कितना कुछ कर सकता है।

कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बॉथम, पूर्व प्रदेश महिला आयोग उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह, राकेश शर्मा, विनोद त्यागी, संजय बाली, हर्ष चतुर्वेदी जुगराज चौहान चंदगीराम यादव डिंपल आनंद उमेश त्यागी युद्धवीर चौहान गिरिजा सिंह धर्मेंद्र गुप्ता विनोद शर्मा पूनम सिंह करतार चौहान धर्मेंद्र चौहान राजेंद्र अवाना प्रमोद बहल गिरीश कोटनाला अशोक मिश्रा अमित त्यागी ओमवीर अवाना प्रमोद बहल गिरीश कोटनाला चमन अवाना भूपेश चौधरी मनोज चौहान देवेंद्र भदौरिया सुशील शर्मा तन्मय शंकर रामनिवास यादव अर्पित मिश्रा विपुल शर्मा रवि यादव राममहर कौशिक दिनबंधु शशिधर उपाध्याय प्रदीप चौहान नीरज चौहान नीरज चौधरी रामकिशन यादव अर्पित गोयल गौतम शर्मा मनीष तिवारी सत्यनारायण महावार पंकज झा मुक्तानंद शर्मा अमित नागपाल जितेंद्र तोमर भगत भाटी अतुल त्यागी सुरेन्द्र बिष्ट दीपक शर्मा देशराज सिंह पंकज त्रिपाठी नमिता चौबे निधि त्यागी मीनाक्षी चौहान नवीन मिश्रा अरुण बसोया सुनीता सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ईडी ने जेपी इंफ्राटेक समेत 15 ठिकानों पर सीज किए 1.70 करोड़

**नोएडा ( चेतना मंच )**। प्रवर्तन निदेशालय ने जेपी इंफ्राटेक से जुड़े प्रोजेक्ट पर रेड की है। 12 हजार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में सर्चिंग की। दो दिन तक सर्च के बाद ईडी ने अलग-अलग ठिकानों से 1.70 करोड़ रुपए सीज किया। आगे की कार्यवाही जारी है। होमबायर्स और निवेशकों के साथ धोखा और फंड्स की हेराफेरी का आरोप है। ईडी ने दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में स्थित जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य कंपनियों जैसे गौरसंस, गुलशन, महागुन और सुरक्षा रियल्टी के 15 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी।

ईडी को शक है कि बड़ी मात्रा में फंड्स को डायवर्ट कर मनी लान्ड्रिंग की गई है। यह कार्रवाई उन हजारों होमबायर्स के लिए उम्मीद है, जो सालों से अपने घर का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में ईडी ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जेपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट से संबंधित फाइल मांगी थी। जिसमें बड़ी अनियमितता की बात सामने आ रही है।

ऐसे में सेक्टर-128 से सेक्टर-132 तक के सभी प्रोजेक्ट जो जेपी इंफ्राटेक में आते है। इस दौरान साइट ऑफिस में काम कर रहे कुछ लोगों को बाहर निकाला वहीं एकाउंट्स से जुड़े लोगों को पूछताछ की। इसके अलावा डिजिटल रिकार्ड जब्त किए। 23 मई को सर्च कंडक्ट की गई थी। दो दिनों तक सर्व के बाद ईडी ने करीब 1.70 करोड़ रुपए सीज किए।

यहां दस्तावेजों को जब्त किया जा रहा है। साथ ही सेल ऑफिस में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। ईडी ने नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना से आर्चिडस, कासा , किंगस्टन बुलेवर्ड , किंगस्टन पार्क , कॉसमॉस, क्लासिक और इससे जुड़े अन्य प्रोजेक्ट की डिटेल जानकारी ली। इनकी फाइल भी चेक की जा रही है। दरअसल इन प्रोजेक्टो को निर्माण की अब जिम्मेदारी सुरक्षा की है। लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। ऐसे में लगातार प्रदर्शन किया जाता रहा है। बायर्स का आरोप है सुरक्षा भी बहुत स्लो वर्क कर रही है।

# बरौला में आम आदमी पार्टी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )**। आम आदमी पार्टी गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रदेश प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह के निर्देशानुसार एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मासिक रचनात्मक अभियानों की श्रृंखला में इस माह का सेवा कार्यक्रम स्वास्थ्य केंद्र, बरौला सेक्टर-49, नोएडा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने इस अवसर पर कहा आम आदमी पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए काम करना है। सेवा, स्वच्छता और संगठन हमारी पहचान हैं। यह रचनात्मक अभियान केवल सफाई नहीं, बल्कि जनमानस को जोड़ने का प्रयास है।

खेल प्रकोष्ठ प्रदेशअध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास्तव ने कहा खेल और समाज सेवा दोनों अनुशासन और समर्पण की मांग करते हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ खेल को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता भी है। स्वास्थ्य केंद्र की सफाई में खिलाड़ियों की भूमिका प्रशंसनीय रही।

इस अवसर पर जिला महासचिव कैलाश शर्मा, जयकिशन जयसवाल, विजय श्रीवास्तव, सतीश गौतम, तरुण चौहान, प्रवीण धीमान,गौरव गौतम, गजेन्दर सिंह, राहुल यादव, जतन भाटी, अफजल चौधरी, शोभित राघव, कृष्ण तंवर, राज चौधरी, संदीप भाटी, मोहित नंबरदार,राज कसाना, आकाश बेसोया, प्रदीप नागर, गुड्डू यादव, नवीन भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जातीय जनगणना में 'नो कास्ट' कॉलम के मुद्दे ने तूल पकड़ा

## सांसद व विधायक को सौंपा जाएगा ज्ञापन : शैलेन्द्र वर्णवाल

**नोएडा ( चेतना मंच )**। भारत जागरूक नागरिक संगठन ने नोएडा में जातीय जनगणना में 'नो कॉस्ट' कॉलम को लेकर बैठक की।



नोएडा के सेक्टर 74 के सुपरटेक केप टाउन में जातीय जनगणना में 'जाति में यकीन नहीं रखने वालों' की 'गणना' को लेकर भारत जागरूक नागरिक संगठन ने बैठक की।

संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में पहले ही प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर अवगत कराया जा चुका है। अब जातीय जनगणना में नो कॉस्ट कॉलम की मांग को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 'नो कॉस्ट कॉलम' की मांग को लेकर गौतमबुधनगर के जनप्रतिनिधि (सांसद विधायक आदि) से मिलकर संसद एवं विधानसभा में मुद्दा उठाने का अनुरोध किया जाएगा और उन्हें ज्ञापन दिया जाएगा। विभिन्न एनजीओ संस्थाओं एवं सिविल सोसाइटी के द्वारा इस मुद्दे पर लोगों को जागृत किया जाएगा और समर्थन जुटाने की मुहिम शुरू की जाएगी।

मनोज कटारिया ने कहा कि अंतरजातीय विवाह के नाम पर आज भी ऑनर किलिंग की जाती है। 'जाति में यकीन नहीं रखने वालों' की गणना के बाद निश्चित रूप से इस पर लगाम लगेगी।

राहुल संस्कृत ने कहा कि समाज बदल रहा है, युवा को जाति पर बहुत ज्यादा विश्वास नहीं रह गया है। वह अपने पुरुषार्थ से और समझ से निर्णय लेते हैं।

विक्रम सेठी ने कहा कि इस जनगणना के बाद जाति के नाम पर भ्रष्टाचार करने वालों पर अंकुश लगेगा।

बैठक में मनोज कटारिया शैलेंद्र कुमार विक्रम सेठी राहुल संस्कृत आदि मौजूद रहे।

